उज्जैन
बुधवार
11
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-126
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



मिडिल ईस्ट तनाव के बीच कुवैत से भारत लौटीं उर्वशी फ्लाइट में बैठते ही घबराईं, आंखों में आए आंसू सुरक्षित भारत पहुंचकर फैंस को दिया अपडेट

पेज- 8

## 16,450 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे मोदी



**चेन्नई/तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज केरल और तमिलनाडु के दौरे पर रहेंगे। पीएम केरल के एनार्कुलम में करीब 10,800 करोड़ और तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में करीब 5,650 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पीएम केरल पहुंचने पर अखिल केरल धीवर सभा के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे। उसके बाद, दोपबर में एक और प्रोग्राम में, अलग-अलग डेवलपमेंट जनता को सौपेंगे। ये प्रोजेक्ट्स एनर्जी, हाईवे, रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे और दूसरे सेक्टर से जुड़े हैं। इसके बाद, दोपहर करीब 2:15 बजे, मोदी केरल के एनार्कुलम में होने वाली एनडीए की रैली को एड्रेस करेंगे।

## अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच एयर इंडिया ने बढ़ाया फ्यूल सरचार्ज

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे संघर्ष का असर अब आम यात्रियों की जेब पर भी पड़ने लगा है। देश की प्रमुख विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने मंगलवार को घोषणा की कि वह अपने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर फ्यूल सरचार्ज में बढ़ोतरी करने जा रही है। कंपनी का कहना है कि खाड़ी क्षेत्र में जारी भू-राजनीतिक संकट के कारण जेट ईंधन की कीमतों में तेज उछाल आया है, जिसके चलते यह फैसला लेना पड़ा है। इस निर्णय के बाद आने वाले दिनों में हवाई टिकटों की कीमतें बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। एयर इंडिया द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार कंपनी फ्यूल सरचार्ज को एक साथ बढ़ाने के बजाय चरणबद्ध तरीके से लागू करेगी।

## चीन में 56 जातीय समूहों को एकजुट करने नया कानून



**बीजिंग।** चीन में जिनपिंग सरकार एक नए कानून को मंजूरी देने की तैयारी कर रही है, जिसमें अलग-अलग जातीय समूहों (एथनिक ग्रुप्स) को एक ही राष्ट्रीय पहचान दी जाएगी। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक इस कानून का नाम लॉ ऑन प्रोमोटिंग एथनिक यूनिटी एंड प्रोग्रेस है। चीन में हान, उइगुर, तिब्बती, मंगोल जैसे 56 जातीय समूह हैं। चीन की सरकार पर लंबे समय से आरोप लगते रहे हैं कि वह देश के जातीय अल्पसंख्यकों (एथनिक माइनॉरिटी) को दबाने वाली नीतियां अपनाती है और उन्हें जबरन बहुसंख्यक हान चीनी संस्कृति में घुलने-मिलने के लिए मजबूर करती है।

## सिद्धार्थनगर में युवक की गला रेतकर हत्या

**सिद्धार्थनगर।** मंगलवार शाम एक युवक की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। युवक घर के सामने दुकान पर बैठा था। इसी दौरान प्रिंस ने चाकू से गले पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोग गंभीर रूप से घायल शुभम को जिला अस्पताल लेकर भागे। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। आरोपी युवक मामा के घर शादी में शामिल होने आया था। घटना के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। मामला जोगिया उदयपुर थाना क्षेत्र के नादेपार चौराहा का है।

### अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग में


# अमेरिका के 140 सैनिक घायल, 7 की मौत

## इजराइल में कई जगह बमबारी, ईरान में अब तक 8000 घरों पर हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 12वां दिन है। इस युद्ध में अब तक 140 अमेरिकी सैनिक घायल हो चुके हैं, जबकि 7 सैनिकों की मौत की पुष्टि हुई है।

उधर ईरान का कहना है कि उसके देश में हुए हमलों में करीब 8000 घरों को नुकसान पहुंचा है और 1300 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।



संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावानी के मुताबिक देश में करीब 9600 सिविलियन इलाकों को निशाना बनाया गया। इनमें घरों के अलावा बाजार, अस्पताल, मेडिसिन सेंटर्स और स्कूल भी शामिल हैं। इस बीच ईरान ने यह भी दावा किया है कि उसने इजराइल के कई शहरों पर मिसाइल हमले किए हैं। ईरान के मुताबिक हाइफा, यरुशलम और तेल अवीव को निशाना बनाया गया।

### सैटेलाइट से अमेरिकी लोकेशन ट्रैक कर रहा था चीन

- 28 फरवरी को ईरान पर पहली मिसाइल चलने से पहले ही चीनी सोशल मीडिया पर संकेत मिलने लगे थे कि अमेरिका बड़ा हमला करने की तैयारी कर रहा है। इंटरनेट पर अमेरिकी सैन्य तैयारियों से जुड़ी सैटेलाइट तस्वीरें तेजी से फैलने लगी थीं।
- इन तस्वीरों में रनवे पर खड़े लड़ाकू विमान, रेगिस्तानी एयरफील्ड पर उतरते ट्रांसपोर्ट प्लेन और भूमध्यसागर में किसी विमानवाहक पोत के डेक पर तैनात फाइटर जेट दिखाई दे रहे थे। इन तस्वीरों की खास बात यह थी कि इनमें असामान्य रूप से बहुत ज्यादा जानकारी दी गई थी, और यह जानकारी अंग्रेजी में नहीं बल्कि मंदारिन (चीनी भाषा) में लिखी हुई थी।

## दावा- ट्रम्प ईरान के खार्ग आइलैंड पर कब्जा चाहते हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान

अमेरिका, इजराइल और ईरान में जारी जंग के बीच होर्मुज स्ट्रेट के पास मौजूद खार्ग आइलैंड की अहमियत अचानक बढ़ गई है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ट्रम्प सरकार इस आइलैंड पर कब्जे को लेकर सैन्य विकल्पों पर विचार कर रही है, क्योंकि यह ईरान की तेल कमाई का सबसे बड़ा सेंटर माना जाता है। दरअसल ईरान के करीब 80 से 90% कच्चे तेल का निर्यात इसी आइलैंड से होता है। यहां बड़े तेल टर्मिनल, पाइपलाइन, स्टोरेज टैंक और जहाजों में तेल भरने की फैसिलिटी मौजूद हैं। इसे हर दिन करीब 70 लाख बैरल तक तेल जहाजों में भरा जा सकता है। 1960 के दशक में विदेशी निवेश के बाद इस जगह को बड़े ऑयल एक्सपोर्ट सेंटर के तौर पर डेवलप किया गया था और तब से यह ईरान की ऑयल सप्लाई की रीढ़ बन गया। हडसन इंस्टीट्यूट के सीनियर फेलो माइकल डोरान ने कहा, ट्रम्प सरकार युद्ध के बाद भी ईरान की पूरी अर्थव्यवस्था को तबाह नहीं करना चाहती है। अमेरिका की पुरानी रेड लाइन यानी तय सीमा यह रही है कि कुछ खास और अहम ठिकानों पर हमला नहीं किया जाए।

# यूपी में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत

## एजेंसियों के बाहर लंबी लाइनें, लखनऊ में झड़प, 3-3 सिलेंडर लेकर पहुंचे लोग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

यूपी में रसोई गैस की किल्लत हो गई है। लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर समेत कई शहरों में बुकिंग के 4 से 5 दिन बाद सिलेंडर नहीं मिल रहे। गैस एजेंसियों के बाहर लाइनें लगने लगी हैं। लखनऊ की लालबाग एजेंसी में ग्राहक की पासबुक फाड़ने पर काफी देर तक हंगामा हुआ। कई लोग 3-3 सिलेंडर लेकर एजेंसी पहुंच गए।

गोरखपुर में एजेंसी के बाहर अपनी बारी का इंतजार कर रहे लोगों ने कहा-



2-3 दिन से लाइन लगा रहे हैं। ऐसा लग रहा कि 15-20 साल पहले जैसे हालात हो गए हैं, जब गैस सिलेंडर के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता था।

हालांकि, अफसरों का कहना है कि परेशान होने की जरूरत नहीं है। लखनऊ के जिला पूर्ति अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने कहा- फिलहाल किसी तरह की कमी की स्थिति नहीं है। जिले में 25 दिन का कोटा उपलब्ध है। गैस कंपनियों ने भी ग्राहकों को मैसेज भेजकर गैस की किल्लत की खबरों से इनकार किया। कहा- ईंधन की कमी के दावे भ्रामक और निराधार हैं। देश में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक है। इधर, तेल कंपनियों ने घटते स्टॉक के चलते कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की डिलीवरी पर अघोषित रोक लगा दी है। एजेंसियों को फिलहाल सिर्फ घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई पर फोकस करने के निर्देश दिए गए हैं।

### यूपी में अचानक धुंध, 2 हादसों में 6 गाड़ियां भिड़ीं

## शाहजहांपुर में कार-बस की टक्कर, 3 की मौत, उन्नाव में 4 गाड़ियां टकराई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कानपुर

यूपी में गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। अधिकतम तापमान 38डिग्री के पार पहुंच गया है। बुधवार सुबह लखनऊ, कानपुर समेत प्रदेश के 15 शहरों में धुंध छाई रही। लगातार दूसरे दिन धुंध देखने को मिली। प्रयागराज में विजिबिलिटी घटकर सिर्फ 30 मीटर तक रह गई। बरेली में भी विजिबिलिटी 100 मीटर तक रह गई। धुंध के चलते दो सड़क हादसे में 6 गाड़ियां भिड़ गईं।

शाहजहांपुर में हाईवे पर बस की अर्टिगा कार से आमने-सामने टक्कर हो गई। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शव कार में फंस गए। पुलिस ने कड़ी मशक्कत से शवों को बाहर निकाला। उन्नाव में आगरा एक्सप्रेस-वे पर चार वाहन आपस में भिड़ गए। 10 लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि झपकी आने से ट्रेलर होकर रेलिंग तोड़ते हुए दूसरे लेन में जा पहुंचा। धुंध के चलते ट्राला उससे टकरा गया।

# अब ई-ऑफिस सिस्टम का ग्रामीण क्षेत्रों तक विस्तार

## कलेक्टर को निर्देश जारी किए जाएंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



अब सरकार अपने ई-ऑफिस सिस्टम का ग्रामीण क्षेत्रों तक विस्तार करने जा रही है। इसके लिए अब तहसील और ब्लॉक स्तर पर कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने की तैयारी की जा रही है।

आधिकारिक जानकारी के मुताबिक मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से जल्द ही ई-ऑफिस सिस्टम के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से तहसील और ब्लॉक स्तर के सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने के संबंध में सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किए जाएंगे।

गौरतलब है कि एक जनवरी, 2025 से मंत्रालय में ई-ऑफिस सिस्टम लागू हुआ था। सीएम डॉ. मोहन यादव ने इसका शुभारंभ किया था। इसे लागू करने का उद्देश्य मंत्रालय के कामकाज में पारदर्शिता एवं गतिशीलता लाना और फाइलों का मूवमेंट ऑनलाइन शुरू करना था। शुरूआत में मंत्रालय के अधिकारी कर्मचारियों को ई-ऑफिस सिस्टम पर काम करने में दिक्कत हुई, लेकिन धीरे-धीरे उन्हें नए सिस्टम पर काम करना रास आने लगा। वर्तमान में मंत्रालय में ई-ऑफिस सिस्टम के जरिए विभिन्न विभागों में रोजाना 400 से ज्यादा फाइलों का ऑनलाइन मूवमेंट हो रहा है। मंत्रालय के बाद दूसरे चरण में सभी विभागाध्यक्ष कार्यालयों में और तीसरे चरण में सभी जिला मुख्यालयों के सरकारी कार्यालयों में ई- ऑफिस सिस्टम लागू किया गया। हालांकि अभी जिलों में अधिकारी-कर्मचारी ई-ऑफिस सिस्टम पर काम करने में कतरा रहे हैं, लेकिन मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से स्पष्ट निर्देश हैं कि सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम पर काम करना अनिवार्य है।

## जासूसी में गिरफ्तार नौसैनिक की 22 दिन पहले हुई शादी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आगरा

यूपी एटीएस ने आगरा से एक पाकिस्तानी जासूस को गिरफ्तार किया है। आरोपी भारतीय नौसेना में लांस नायक है। वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई लिए जासूसी कर रहा था। आरोपी ने आईएसआई एजेंट को देश के युद्धपोतों की तस्वीरें और डिटेल्स भेजी हैं। इसकी पुष्टि उसके पास मिले दस्तावेजों से हुई है। लांस नायक ने अपने बैंक खाते से आईएसआई एजेंट को पैसे भी ट्रांसफर किए थे। एटीएस ने आरोपी को आगरा के कागारौल थाने के गांव चीतपुर से दबोचा है। उसकी 22 दिन पहले ही शादी हुई थी। इसके बाद वह हनीमून मनाने दुबई गया था और तीन दिन पहले ही वहां से लौटा था। केरल में तैनात था लांस नायक लकी आरोपी लांस नायक आदर्श कुमार उर्फ लकी आगरा के कागारौल थाना क्षेत्र के चीतपुर गांव का रहने वाला है। अभी उसकी तैनाती दक्षिणी नेवल कमांड, कोच्चि (केरल) में थी। एटीएस को काफी समय से सूचना मिल रही थी कि लकी पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई को भारत से जुड़ी अहम जानकारियां भेज रहा है।



श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर वितरित
हिन्दू नववर्ष नव संवतसर पर पंचांग-तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### पत्नी पुलिस के साथ लौटी तो फंदे पर मिला पति

**उज्जैन।** शराबी पति द्वारा की गई मारपीट की शिकायत करने पत्नी थाने पहुंच गई। डर कर पति ने दरवाजा बंद किया और फांसी लगा ली। पत्नी थाने से पुलिस के साथ लौटी तो पति फंदे पर लटका मिला। चिमनगंज थाना क्षेत्र के संजयनगर में रहने वाला राहुल पिता राजेश तिवारी हम्माली करता था और शराब पीने का आदी थी। सोमवार रात नशा कर लौटा तो पत्नी कोमल के साथ बच्चों से मारपीट करने लगा। आये दिन मारपीट करने से परेशान पत्नी शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंच गई। जहां से डायल 112 के साथ वापस घर लौटी। पति ने दरवाजा बंद कर लिया था और आवाज लगाने पर भी नहीं खोल रहा था। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर तोड़ा गया। लेकिन कमरे में राहुल साड़ी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने तत्काल उसे नीचे उतारा और चरक अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। संभावना जताई गई है कि पत्नी के साथ मारपीट और पुलिस द्वारा पकड़ने जाने के डर से उसने आत्मघाती कदम उठाया है।

### टीवी एक्ट्रेस कनिका मान महाकाल की शरण में, भस्म आरती में हुईं शामिल

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में मंगलवार तड़के टीवी अभिनेत्री कनिका मान भस्म आरती में शामिल होने पहुंचीं। उन्होंने नंदी हॉल में करीब दो घंटे बैठकर भस्म आरती का दर्शन किया और भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। कनिका मान सुबह करीब चार बजे मंदिर पहुंचीं। भस्म आरती के दौरान वह नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल का जाप करती नजर आईं। आरती के बाद उन्होंने नंदी जी का पूजन कर उन्हें कान में अपनी इच्छा बताई। इसके बाद उन्होंने देहरी से भगवान महाकाल के दर्शन किए। दर्शन के बाद कनिका ने मंदिर समिति की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि वह पहली बार महाकाल मंदिर आई हैं। उन्होंने बताया कि वह भगवान शिव की बड़ी भक्त हैं, लेकिन पहली बार भस्म आरती में शामिल होने का अनुभव उनके लिए बेहद खास और अलग रहा। कनिका मान कई लोकप्रिय टीवी शोज में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा, बढ़ो बहू, रूहानियत और खतरों के खिलाड़ी 12 जैसे कार्यक्रमों में काम कर अपनी अलग पहचान बनाई है।

### सर्वाईकल कैंसर की रोकथाम के लिए नि:शुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान

**उज्जैन।** किशोरी बालिकाओं में सर्वाईकल कैंसर की रोकथाम के लिए निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। एचपीवी निःशुल्क टीकाकरण आगामी 03 माह तक चलेगा। अभियान अंतर्गत 14 वर्ष से 15 वर्ष तक की बालिकाओं को एचपीवी का निः शुल्क टीका लगाया जाएगा। शासन के निदेर्शानुसार इस अभियान में 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी बालिकाओं को 90 दिन की विशेष छूट दी गई है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में 13 स्थानों पर टीके निःशुल्क लगाए जा रहे है। आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज उज्जैन, जिला चिकित्सालय चरक भवन उज्जैन, सिविल अस्पताल माधवनगर, सिविल अस्पताल जीवाजीगंज, सिविल अस्पताल महिदपुर, सिविल अस्पताल नागदा, सिविल अस्पताल खाचरौद, सिविल अस्पताल बडनगर के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरवर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झारडा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तराना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंगोरिया में टीके निःशुल्क लगाए जा रहे है। एचपीवी निःशुल्क टीकाकरण अभियान अंतर्गत यूवीन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, अपार आईडी, स्टूडेंट फोटो आईडी, पासपोर्ट, मदर एंड चाईल्ड प्रोटेक्शन कार्ड, स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट, प्री मेट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट, परमानेंट ऐजुकेशन नंबर (पेन आईडी), राशन कार्ड, बैंक पास बुक, अनाथ आश्रय का जन्म डिक्लेरेशन प्रमाण पत्र और एज डिक्लेरेशन फार्म (माता–पिता से अंडर टेकिंग लेकर) में से कोई भी एक दस्तावेज मान्य होगा।

# रेडियो विकिरण से बचाता है गाय का दूध

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ पं. राहुल शुक्ल. उज्जैन





धार्मिक महत्व के साथ ही वैज्ञानिक दृष्टि से भी गाय महत्वपूर्ण है तभी तो सनातन धर्म में गाय को मां का दर्जा प्राप्त है। ऋग्वेद में गाय को अघन्या कहा गया है तो अथर्ववेद में इसे संपत्तियों का अनमोल खजाना तक कहा गया है।

**गाय का दूध :** गौदुग्ध स्फूर्तिदायक व रोगनाशक होता है। इसमें अन्य दूध के मुकाबले ज्यादा खनिज और कैरोटीन होता है। गाय का दूध स्मरण शक्ति बढाता है व चुस्ती लाता है। गाय की रीढ़ मे सूर्यकेतु नाड़ी होती है जो सूर्य के प्रकाश मे जाग्रत होने पर वह पीले रंग का पदार्थ छोड़ती है।अतः गाय का दूध पीले रंग का होता है। पीत रंग, कैरोटीन तत्व के कारण होता है जो सर्वरोगनाशक है। रूसी वैज्ञानिक शिरोविच के अनुसार गाय के दूध में रेडियो विकिरण से रक्षा करने की सर्वाधिक शक्ति होती है।

**गोदुग्ध का दही :** आयुर्वेद के प्रसिद्ध ग्रंथ भावप्रकाश में कहा गया है कि गोदुग्ध से बना दही विशिष्ट गुणोंवाला, भूख बढ़ानेवाला, वायुनाशक और हृदय को शक्ति देनेवाला होता है।

**गाय के दूध से बना घी :** गौघृत आंखों की ज्योति बढ़ाता है और वात-पित्त व कफ नाशक है। गोघृत खाने से शरीर में कोलेस्ट्राल नहीं बढ़ता और हृदय सुरक्षित रहता है। गोधृत से हवन करने पर वातावरण एटॉमिक रेडिएशन से सुरक्षित हो जाता है।

**ऑक्सीजन का अक्षय स्त्रोत :** एक तौला गाय के घी से यज्ञ करने पर एक टन ऑक्सीजन बनता है। गोधृत में चावल मिश्रित करके हवन करने से कुछ महत्वपूर्ण गैस जैसे इथलीनआक्साइड, प्रापलीन आक्साइड बनती है जो जीवाणुरोधी होती है।

**गोबर के वैज्ञानिक तथ्य :** चैन्नई के डॉ किंग ने अनुसंधान में पाया कि गोबर में हैजा के सूक्ष्मजीवों को नष्ट करने की शक्ति है। गाय के गोबर में सौलह प्रकार के उपयोगी खनिज पाए जाते हैं। इसकी खाद से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहती है। जिन घरों मे गाय के गोबर से लिपाई होती है वे रेडियो विकिरण से सुरक्षित रहते हैं।

**गोमूत्र के विविध लाभ :** गाय के मूत्र में तांबा होता है जो मनुष्य के शरीर में पहुंचकर स्वर्ण में परिवर्तित हो जाता है। स्वर्ण में सर्वरोगनाशक शक्ति है। गोमूत्र में आक, नीम आदि उबालकर उत्तम किस्म का कीट, नियंत्रक बनता है। गो उत्पादों के महत्व व गुणों को देखते हुए गाय का संरक्षण व संवर्धन बहुत आवश्यक है इसलिए गाय की रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है।

### ईरान अमेरिका युद्ध का असर उज्जैन में भी

# कमर्शियल गैस रेस्टोरेंट और होटल के लिए बंद

## घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग 25 दिन बाद

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

ईरान और इजराइल, अमेरिका युद्ध का असर पूरी दुनिया पर देखने को मिल रहा है। मध्य पूर्व में जारी तनाव के कारण भारत में गैस की आपूर्ति बाधित होने और कीमतों में भारी वृद्धि होने की संभावना है। जो घरेलु गैस डीलर के पास बुक होते ही अगले दिन घर आ जाती थी। उसमें अब 25 दिन का वेटिंग चल रहा है। कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई बंद हो चुकी है। डीलरों के पास दो दिन से कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति सीमित होने से डीलरों ने रेस्टोरेंट में देना बंद कर दिया है।

इजरायल-अमेरिका और ईरान में चल रहे युद्ध का असर अब उज्जैन में दिखने लगा है। प्रदेश में उज्जैन की



अधिकांश गैस एजेंसी के पास दो दिन से कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं है। लोग डीलर के यहां चक्कर लगा रहे है। इधर कई रेस्टोरेंट का काम बंद होने की कगार पर है। उज्जैन में कॉमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई रोकने का फैसला किया गया है। जिससे लोग परेशान हो रहे है। यही हाल घरेलु गैस सिलेंडर का है।

### गैस सिलेंडर लेने के लिए जरूरी किया

घरेलु गैस सिलेंडर की बुकिंग 25 दिन बाद ही होगी। बुकिंग के बाद भी सिलेंडर की डिलवरी में 5 से 7 दिन का समय लग सकता है। ये स्टाक पर निर्भर करेगा। जबकि गैस युद्ध से पहले अगले दिन ही मिल जाती थी। गैस सिलेंडर सिर्फ रजिस्टर्ड नंबर से ही बुक हो सकेगी। ई–केवाईसी बिना किसी बुकिंग के स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।

### पैनिक में लोग कर रहे बुकिंग

युद्ध शुरू होने से पहले घरेलु गैस सिलेंडर की बुकिंग कर उपभोक्ता कभी भी सिलेंडर एजेंसी से ले सकता था। लेकिन अब एक बार बुकिंग करने के 25 दिन बाद ही अगली बुकिंग हो पाएगी। बुकिंग कन्फर्म होने के बाद भी गैस सिलेंडर की डिलेवरी कब होगी इसके लिए कोई समय सीमा तय नहीं है। उज्जैन में इंडियन ऑइल की 5 एचपीसीएल की 6 इढउछ की 6 और भारत गैस की 6 गैस एजेंसी है। अधिकांश एजेंसी ने होटल सहित रेस्टोरेंट को कमर्शियल गैस सिलेंडर देना बंद कर दिया है। नाम नहीं छापने की शर्त पर गैस एजेंसी के संचालक ने बताया कि लोग पैनिक होकर प्रेशर में गैस सिलेंडर की बुकिंग करवा रहे है। फिलहाल कम्पनी के आदेश होने पर कमर्शियल बुकिंग बंद कर दी है। जिससे सबसे ज्यादा दिक्कते रेस्टोरेंट संचालक को हो रही है। आने वाले दिनों में कई रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर है।

### शीतला सप्तमी पर के मंदिरों में भीड़

# ठंडे भोग अर्पित कर मांगी परिवार की सुख-समृद्धि

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में शीतला माता की पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मंगलवार सुबह से ही शहर के विभिन्न शीतला माता मंदिरों में महिलाओं की भारी भीड़ है। श्रद्धालु एक दिन पहले बनाए ठंडा भोजन और ठंडाई माता को अर्पित कर परिवार की सुख-शांति और अच्छे स्वास्थ्य की कामना कर रहे हैं। शहर के प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही महिलाएं माता के दर्शन के लिए पहुंच रही हैं। श्रद्धालु ठंडा भोग और ठंडाई अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रही हैं। मंदिर परिसर में पूरे समय भक्तिमय माहौल बना रहा और महिलाएं भक्ति भाव से पूजा में लीन दिखाई दीं।

**सात दिन किए जाते हैं माता के दर्शन-** श्रद्धालु संध्या संतोष मालवीय ने बताया कि भगवान को भोग चढ़ाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इसके तहत एक दिन पहले भोजन बनाया जाता है और रात करीब एक बजे माता को भोग लगाया जाता है। माता को ठंडा भोग अर्पित करने की मान्यता है कि इससे परिवार में सुख-शांति बनी रहती है और किसी प्रकार की परेशानी नहीं आती।

### आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में निजी एंबुलेंस संचालकों के साथ होती है अभद्रता

# संचालकों ने लामबंद होकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की शिकायत

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन



आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में निजी एंबुलेंस संचालकों के साथ होती है अभद्रता। संचालकों ने लामबंद होकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की शिकायत। ऑल एमपी एम्बुलेंस एसोसिएशन उज्जैन मध्य प्रदेश के दर्जन भर से अधिक संचालकों ने आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में पदस्थ सिक्योरिटी गार्ड इंचार्ज व अन्य कर्मचारियों पर आरोप लगाया कि जब वह मरीज को लेकर आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज जाते हैं तो उनके साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया जाता है, वहीं उनको एंबुलेंस खड़ी नहीं करने दी जाती है तथा कहा जाता है कि बाहरी एम्बुलेंस या अंदर नहीं आएगी जबकि मरीजों के परिजनों द्वारा प्राइवेट एंबुलेंस जो कि कम राशि में मरीजों को ले जाती है उसे संपर्क करते हैं किंतु सिक्योरिटी गार्ड इंचार्ज व अन्य के द्वारा डराया धमकाया जाता है तथा झूठ प्रकरण दर्ज करवाए जाते हैं। इसके पीछे एंबुलेंस संचालकों से कमीशन की राशि नहीं मिलती है। जबकि आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में अनुबंध अन्य कंपनियों की एंबुलेंस से कमीशन लिया जाता है। इसलिए बाहरी निजी एंबुलेंस के संचालकों को परेशान किया जाता है। इसको लेकर दर्जन भर से अधिक संचालकों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

गौरतलब है कि आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में पदस्त सिक्योरिटी गार्ड इंचार्ज पांडे व भालेराव और अन्य व्यवस्थापक को द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है आए दिन मरीजों को लेकर हाथापाई की जाती है। मेडिकल कॉलेज के इंचार्ज पांडे व भालेराव यह कहना है कि हमारी एंबुलेंस ही मरीजों को लेकर जाएगी, क्योंकि पांडे व भालेराव को कमीशन के रूप में मोटी रकम मिलती है। पांडे द्वारा प्राइवेट एंबुलेंस के व्यक्तियों को पूर्व में पुलिस विभाग में रहे हैं। इसलिए उन पर आफ आई आर की धमकी भी दी जाती है और पांडे जी द्वारा लोगों पर फिर भी करवाई जा चुकी है, सरासर पांडे का मेडिकल कॉलेज में रोब है, पांडे जिसकी एंबुलेंस चाहे उसकी बुला सकते हैं और जिसकी एंबुलेंस ना चाहे वह आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश भी नहीं कर सकती है, क्योंकि पांडे कमीशन के शौकीन है।

मेडिकल कॉलेज के सिक्योरिटी गार्ड तो पहलवानी में अव्वल नंबर है। 10% कमिशन प्राइवेट एंबुलेंस वाले को देना पड़ता है, ध्यान देने वाली बात यह है कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत हितग्राहियों मरीज के परिजन से भी अनुबंध एंबुलेंस के माध्यम से वसूली की जाती है जबकि यह सेवा निःशुल्क है। पूर्व में भी संबंधित खाना चिमनीगंज व एंबुलेंस संचालक पांडे के बारे में आवेदन दिया गया था परंतु चिमनगंज थाने द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई इसके चलते व्यवस्थापक द्वारा मनमानी पूरक व्यवहार किया जा रहा है जिस एंबुलेंस संचालक को को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि अधिकांश एम्बुलेंस फाइनेंस पर ली गई है जिसकी मासिक किस्त एंबुलेंस संचालक को द्वारा भरने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। देखने वाली बात यह है कि मेडिकल कॉलेज में सिर्फ मनमानी चलेगी अब वरिष्ठ अधिकारी पांडे व भालेराव पर क्या कार्रवाई करते हैं यह समय आने पर ही पता चलेगा या फिर ऐसे ही मनमानी चलती रहेगी और कमीशन के रूप में मोटी रकम वसूली जाएगी।

उज्जैन
बुधवार
11
मार्च, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

श्रूयतां धर्म सर्वस्वं श्रुत्वा चैव अनुवर्त्यताम्।
आत्मनः प्रतिकूलानि, परेषां न समाचरेत्।।

अर्थः धर्म का सार क्या है, सुनें और सुनें और उसका पालन करें! दूसरों के साथ वह मत करो जो तुम्हें पसंद नहीं है।

## खबर एक नजर...

### बीएड के खराब रिजल्ट पर नाराजी, विद्यार्थियों ने आंदोलन कर मनवाई माँगें

**इंदौर।** बीएड की परीक्षा के खराब रिजल्ट के मामले में मंगलवार को विवि में 2 संगठन ने आंदोलन कर छात्रों की महत्वपूर्ण मांग कुलगुरु के सामने रखी। लगातार 2 घंटे के धरने के पश्चात विवि प्रशासन ने कॉपी पुनः चेक करने और उसके पश्चात रिवेल का फॉर्म भरवा कर पुनः मूल्यांकन करने की मांग स्वीकार की। आरएनटी मार्ग स्थित देअविवि में मांग मान ली गई यह आंदोलन अभाविप और युवक कांग्रेस ने किया। इस धरने के पश्चात विवि के अधिकारियों ने स्वीकार किया कि बीएड के प्रथम सेम में जिस भी छात्र को फिर से कापी चेकिंग कराना है, उसके लिए अपना रोल नंबर या रिजल्ट की कॉपी देना है। जो छात्र अपनी कॉपी पुनः चेक कराना चाहते हैं, उनको मौका दिया जाएगा। इस बार १२३ बीएड में 15 दिनों में फिर से रिजल्ट जारी करने का आश्वासन दिया गया है, साथ ही रिवेल की तारीख भी बढ़ेगी। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में छात्र भी उपस्थित रहे।

### रंगपंचमी पर स्कॉर्पियो ने मारी थी टक्कर, 100 से ज्यादा कैमरे देखने के बाद पकड़ाया आरोपी

**इंदौर।** छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में रंगपंचमी की सुबह तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस ने फरार स्कॉर्पियो चालक को मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी चकमा देने के लिए अलग-अलग जगह से गाड़ी को भगाकर ले गया था। दो दिन तक लगातार सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पुलिस आरोपी तक पहुंची है। छत्रीपुरा पुलिस के मुताबिक रंगपंचमी की अलसुबह सिलावटपुरा गणेश मंदिर के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़े तनवीर खान (19) और उसके दोस्त फैजान मंसूरी (22) को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने स्कॉर्पियो के ड्राइवर शाहरुख पुत्र सलीम लोहार निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी को मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वहां से गुजरी और दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया था। शाहरुख ने पूछताछ में बताया कि वह ग्रीन पेलेस कॉलोनी में रहने वाली व्यक्ति की गाड़ी चलाता है। हादसे के बाद तनवीर ओर फैजान के दोस्त इरफान ने गगवाल,फूटी कोठी,महूनाका से होते हुए फूटी कोठी और चंदन नगर चौराहे तक पीछा किया था। इसके बाद आरोपी ने स्कॉर्पियो धार रोड की तरफ मोड़ दी थी। इरफान हादसे के बाद गाड़ी के नंबर नहीं देख पाया था। पुलिस के जवान धमेन्द्र,भूपेन्द्र और अरूण ने करीब 100 से ज्यादा कैमरो के फुटेज देखे ओर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने टक्कर मारने वाली स्कॉर्पियो भी जब्त कर ली है।

### भागीरथपुरा के दिवंगतों की अस्थि प्रयागराज ले जाएगी कांग्रेस

**इंदौर।** कांग्रेस सेवादल भागीरथपुरा कांड में दिवंगतों की अस्थियां लेकर प्रयागराज जाएगा और वहां विधि-विधान से उनका कर्मकांड कराएगा। 14 मार्च को यहां से कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता दिवंगत परिवार के सदस्यों के साथ ट्रेन से रवाना होंगे। सेवादल के अध्यक्ष मुकेश रामचंद्र यादव ने बताया कि 36 परिवारों में असमय मौतें हुई हैं। ऐसे प्रत्येक परिवार के दो-दो सदस्यों को नि. शुल्क रेल यात्रा, भोजन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सेवादल की ओर से उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रयागराज में परंपरानुसार विद्वान, पंडितों द्वारा अस्थि विसर्जन, पिंडदान, तर्पण और दान की विधियां संपन्न कराई जाएंगी। साथ ही 51 ब्राह्मणों को भोजन कराकर पुण्य कार्य किया जाएगा। इंदौर से 14 मार्च को 50 लोग प्रयागराज एक्सप्रेस से सुबह साढ़े 9 बजे यशवंत टॉकीज के पास कल्याण विश्रांति गृह से रवानगी की जाएगी।

# टेलीग्राम ग्रुप से एआई ट्रेडिंग का झांसा

## निजी कंपनी के एक्जीक्यूटिव से 2.10 लाख की ठगी, 100% मुनाफे का दिया था लालच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

राजेंद्र नगर क्षेत्र के एक युवक को टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर इंटरनेशनल ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा दिया गया। आरोपियों ने एआई ट्रेडिंग बॉट से 100% सटीक मुनाफे का दावा करते हुए उससे अलग-अलग यूपीआई आईडी पर कुल 2 लाख 10 हजार 200 रुपए ट्रांसफर करवा लिए। बाद में जब रकम वापस नहीं मिली तो पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ।

राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक फरियादी संजय बनवार (38) निवासी कुंदन नगर ने ई-एफआईआर सोमवार को दर्ज कराई है। शिकायत में बताया कि 30 अक्टूबर 2025 को उसे टेलीग्राम पर ग्रुप में जोड़ लिया गया।



यहां ग्रुप के एडमिन ने दावा किया कि उनकी टीम इंटरनेशनल मार्केट में ट्रेडिंग करवाती है और उनका एआई ट्रेडिंग सिस्टम निवेशकों की ओर से ट्रेडिंग कर मुनाफा दिलाता है।

फरियादी ने बताया कि ग्रुप में कई लोग लगातार प्रॉफिट के स्क्रीनशॉट और सबूत शेयर कर रहे थे। उसने कुछ सदस्यों से चैट कर जानकारी ली तो उन्होंने भी अच्छा पैसा कमाने की बात कही। इससे भरोसा बढ़ा और वह निवेश के लिए तैयार हो गया।

आरोपियों ने उसका बिनांस और कु कोइन एप पर अकाउंट बनवाया और यूएसडीटी खरीदने के नाम पर अलग-अलग यूपीआई आईडी पर पैसे ट्रांसफर करवाए। फरियादी ने कई बार में कुल 2.10 लाख रुपए से ज्यादा भेज दिए। इसके बाद संजय के वॉलेट पर काफी प्रॉफिट दिखाया गया। उन्होने ऑनलाइन रूपए ट्रांसफर करने कोशिश की तो सफल नही हो पाए। दिए गए नंबरों पर कॉल किया तो जबाव नहीं मिला। बाद में उन्होने नंबर ब्लाक कर दिया। संजय को लगा कि उनके साथ धोखा हुआ है। इसके बाद उन्होंने सायबर में इसकी शिकायत कर दी। संजय एक इंटरनेशनल कंपनी में कार्यरत है। अब पुलिस पूरे मामले में जांच कर रही है।

### युवक ने ठगे डेढ लाख

रावजी बाजार में भी ऐसे ही एक ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। जिसमें सुंदरम पुत्र कृष्णकांत तिवारी निवासी शनि गली ने एक मोबाइल नंबर को चलाने वाले रजत झा के खिलाफ 1 लाख 49 हजार धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई की है। रजत के मुताबिक आरोपी से 5 नवबंर को संपर्क हुआ था। उसने मार्केट में निवेश कर मुनाफा देने की बात पर ठगी की वारदात की। पुलिस इस मामले में भी जांच कर रही है।

# रिजल्ट को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन

## परिणाम में त्रुटियों का आरोप, आंदोलन की दी चेतावनी, 7 दिन में री-चेकिंग का आश्वासन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में एनएसयूआई ने देवी अहिल्या बाई विश्व विद्यालय में बीएड प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में अनियमितता का आरोप लगाया है। इसके चलते छात्रों ने प्रदर्शन किया और विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर परिणाम में हुई त्रुटियों को तत्काल सुधारने की मांग की है।

एनएसयूआई का आरोप है कि घोषित परीक्षा परिणाम में गंभीर त्रुटियां सामने आई हैं, जिससे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के साथ अन्याय हुआ है। संगठन ने यह भी दावा किया कि इस मामले में शिक्षा माफियाओं और विश्वविद्यालय प्रशासन की मिलीभगत की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कॉपियों की दोबारा जांच (री-चेकिंग) कराने और संशोधित परिणाम पुनः घोषित करने की मांग की। दबाव बढ़ने के बाद




विश्वविद्यालय प्रशासन ने 7 दिनों के भीतर उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन कर संशोधित परिणाम जारी करने का आश्वासन दिया है।

प्रदर्शन में शुभम ठाकुर, मोहित जाट, देव चौहान, परम सोनकर, कुनाल सुनहरे, रुद्र सिंह चौहान, सागर बरेठा, छोटू यादव, सौम्य चौधरी सहित अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा में निष्पक्ष जांच और सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## आरटीई के तहत स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन 13 मार्च से

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षाओं में निशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 मार्च से शुरू होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र का प्रारूप और आवश्यक निर्देश आरटीई पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए हैं। जारी समय-सारिणी के अनुसार आवेदकों का चयन 2 अप्रैल को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध सीटों की जानकारी 9 मार्च से आरटीई पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के अभिभावक 13 मार्च से 28 मार्च के बीच ऑनलाइन आवेदन कर पंजीयन करा सकते हैं। आवेदन के साथ पात्रता से संबंधित किसी एक आवश्यक दस्तावेज को अपलोड करना अनिवार्य होगा। नर्सरी, केजी-1 और केजी-2 कक्षाओं में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 3 वर्ष से साढ़े 4 वर्ष तथा कक्षा पहली में प्रवेश के लिए 6 वर्ष से साढ़े 7 वर्ष तक निर्धारित की गई है।

**14 से 30 मार्च तक दस्तावेजों का सत्यापन-** ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी दिया जाएगा। 14 मार्च से 30 मार्च तक दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केंद्र के स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

# बच्चों को फंदे पर लटकता मिला पिता, घर में मां की लाश भी पड़ी मिली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के परदेशीपुरा इलाके में मंगलवार सुबह एक ही घर से पति-पत्नी की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। 17 और 13 साल के दो बेटे जब दूध लेकर घर लौटे तो उन्होंने पिता को फंदे पर लटका देखा, जबकि दूसरे कमरे में मां मृत पड़ी थी। शुरूआती जांच में आशंका है कि आर्थिक तंगी और कर्ज से परेशान पिता ने पहले पत्नी की हत्या की और फिर खुद फांसी लगाकर जान दे दी।

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान एकनाथ वाघ (43) और पत्नी रोहिणी (38) के रूप में हुई है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह के मुताबिक आस-पड़ोस के लोगों और



रिश्तेदारों से भी पूछताछ की जा रही है।

पुलिस को रोहिणी के शव के पास टूटी चूड़ियां मिली हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि पति-पत्नी के बीच संघर्ष हुआ होगा। शुरूआती जांच में माना जा रहा है कि एकनाथ ने पहले पत्नी की हत्या की और बाद में खुद फांसी लगा ली। सुबह करीब 8 बजे एकनाथ ने दोनों बेटों मोहित (17) और मयंक (13) को दूध लेने भेजा था। करीब 20 मिनट बाद जब वे घर लौटे तो पिता को फंदे पर लटका पाया। उस समय उसके मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था।

**पहले मैकेनिक था, बाद में शेयर मार्केट में लगा-** परिजनों के मुताबिक एकनाथ पहले मैकेनिक का काम करता था, लेकिन कुछ समय से शेयर मार्केट में काम कर रहा था। करीब डेढ़ साल से वह परदेशीपुरा में किराए के कमरे में रह रहा था। उसके दो भाई अलग-अलग रहते हैं, जबकि पिता रामनगर में रहते हैं। परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा था। एकनाथ ने जीवन की फेल स्थित मकान 9 लाख रुपए में और एमआर-10 का दूसरा मकान 6 लाख रुपए में बेच दिया था। इसके बावजूद कर्ज का दबाव बना रहा। बड़े भाई संतोष ने बताया कि एकनाथ काफी समय से कर्ज को लेकर तनाव में था। मंगलवार को उनका जन्मदिन था। सुबह भतीजे का फोन आया तो उन्हें लगा कि वह बधाई देगा, लेकिन उसने भाई की मौत की खबर दी।

**रात में किसी के आने-जाने की जानकारी नहीं-** पुलिस के मुताबिक मकान मालिक नीचे रहते हैं, लेकिन रात में किसी बाहरी व्यक्ति के आने-जाने की जानकारी नहीं मिली। आशंका है कि घटना के दौरान आवाज बाहर न जाए, इसलिए एकनाथ ने मुंह में कपड़ा ठूंस लिया होगा। बच्चों के मुताबिक रात में घर का माहौल सामान्य था और उनके सामने कोई विवाद नहीं हुआ था।

## खबर एक नजर...

### अशोक बौद्ध विहार के कायाकल्प में मनोज नअगदेवे का अहम योगदान, अब वैश्य टेकरी के जीर्णोद्धार की आस

**उज्जैन।** भारतीय बौद्ध महासभा (उज्जैन) की विहार निर्माण समिति के अध्यक्ष और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के कोषाध्यक्ष मनोज नागदेवे का 11 मार्च को जन्मदिन है। शहर के अशोक बौद्ध विहार के निर्माण, सौंदर्यीकरण और विस्तार में पिछले 15 वर्षों से उनका अहम योगदान रहा है। उनके सतत प्रयासों का ही नतीजा है कि आज यह मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के सबसे सुंदर और सुव्यवस्थित बौद्ध विहारों में गिना जाता है।

विहार के विकास में नागदेवे के व्यक्तिगत संपर्कों और संगठन क्षमता का बड़ा लाभ समाज को मिला है। उनके प्रयासों से ही विहार को तथागत गौतम बुद्ध की अष्टधातु की विशाल प्रतिमा बेहद कम लागत में प्राप्त हो सकी। इसके अलावा, भाजपा से उनके जुड़ाव के चलते शासन स्तर से भी कई बार निर्माण कार्यों के लिए राशि स्वीकृत कराने में उन्हें सफलता मिली, जिससे विहार को एक भव्य स्वरूप मिला। समाजहित के कार्यों में उनकी सक्रियता और 'सही काम के लिए सही व्यक्ति से संपर्क' की उनकी समझ को देखते हुए अब समाज को उम्मीद है कि शहर की ऐतिहासिक बौद्ध धरोहर 'वैश्य टेकरी' के जीर्णोद्धार का वर्षों पुराना सपना भी उनके नेतृत्व में साकार होगा। उनके जन्मदिन के अवसर पर समाजजनों ने तथागत बुद्ध और डॉ. बीआर आंबेडकर के विचारों से प्रेरित उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ, सक्रिय और प्रगतिशील जीवन की शुभकामनाएं दी हैं।

### भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में लामबंद हुए श्रमिक; 9 साल से मजदूरी न बढ़ने से है आक्रोश

**उज्जैन:** कृषि उपज मंडी उज्जैन में हम्माल एवं तुलावटी श्रमिकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रारंभ कर दिया है। भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में शुरू हुए इस बड़े आंदोलन के चलते मंडी का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री किशन सिंह शेखावत ने बताया कि हम्माल और तुलावटी श्रमिकों की समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं। अब श्रमिकों ने अपने अधिकारों के लिए निर्णायक संघर्ष का रास्ता चुना है।




# चांदी की पिचकारी और टेसू के रंगों से बाबा गुमानदेव हनुमान संग भक्तों ने खेली होली

### मधुर भजनों पर थिरके श्रद्धालु, नन्हे वैदिक बटुकों का नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र; प्रसाद में बंटी शाही ठंडाई

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

शहर के पिपलीनाका रोड स्थित अति प्राचीन बाबा गुमानदेव हनुमान मंदिर में शनिवार, 7 मार्च 2029 की रात भव्य रंगोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने चांदी की पिचकारी और टेसू के पुष्पों से बने प्राकृतिक रंगों के साथ बाबा गुमानदेव के साथ जमकर होली खेली।

मंदिर के गादीपति चंदन श्याम नारायण व्यास ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी रंगोत्सव पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शास्त्रोक्त रीति और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। बाबा गुमानदेव हनुमान का आकर्षक श्रृंगार कर उन्हें अबीर और गुलाल अर्पित किया गया। इसके बाद चांदी की पिचकारी से टेसू के प्राकृतिक रंगों की बौछार कर होली खेली गई।

रंगोत्सव के दौरान भक्तों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।



मंदिर परिसर में गूंजते मधुर भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। इस आयोजन में नन्हे वैदिक बटुकों द्वारा अपने खास अंदाज में किया गया नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के समापन के बाद उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में शाही ठंडाई का वितरण किया गया।

इस अवसर पर उमाशंकर भट्ट, महेश जोशी, श्याम मेहता, पवन राठौर, गोपाल कृष्ण दवे, राजेश भाटी, आनंद भाटी, अभिषेक देवड़ा, कमलेश, कमल मोरिया और प्रसन्न सोलेगांवकर सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# वार्ड-17 में पार्षद प्रतिनिधि की मनमानी, बिना सूचना तोड़े मकानों के रैंप

### पीएचई और गैस लाइन के ऊपर ही खुदवा दी नाली; रहवासियों ने जताया कड़ा रोष, ऑडियो वायरल

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

शहर के वार्ड क्रमांक 17 स्थित रतन एक्सटेंशन कॉलोनी में मंगलवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब पूर्व पार्षद और वर्तमान पार्षद प्रतिनिधि मांगू पहलवान (मांगू) निगम कर्मियों और जेसीबी के साथ पहुंचे और लोगों के मकानों के आगे बने रैंप तुड़वाना शुरू कर दिया। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि उन्हें इसकी कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी। इस मनमानी और दादागिरी को लेकर एक ऑडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें एक रहवासी (हेड कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह चौहान) और मांगू के बीच तीखी बहस सुनी जा सकती है।

### पीएचई लाइन पर खुदाई, नलों में आ रहा गंदा पानी

रहवासियों ने बताया कि पूर्व दिशा के मकानों के आगे से पहले ही पीएचई (पानी) और अवंतिका गैस की लाइनें गुजरी हुई हैं। उन्होंने मांगू से आग्रह किया था कि नाली का निर्माण सामने वाली दिशा में करवाया जाए, लेकिन उन्होंने एक न सुनी और अपनी मनमानी करते हुए पीएचई लाइन के ऊपर ही नाली की खुदाई शुरू करवा दी। इसका नतीजा यह है कि कॉलोनी के नलों में नाली का गंदा पानी आने लगा है, जिससे लोग परेशान हैं। इसके अलावा, एक अच्छे-भले गार्डन के बीच से भी नाली निकालकर उसे खराब कर दिया गया है। इस घटनाक्रम का जो ऑडियो सामने आया है, उसमें हेड कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह चौहान मांगू से बिना सूचना रैंप तोड़ने का कारण पूछ रहे हैं। इस पर मांगू कहते हैं कि ₹मैं पार्षद नहीं हूं, मैं तो चपरासी हूं। आपको जो शिकायत करनी है, नगर निगम या पार्षद से करो। जब भूपेंद्र सिंह उनसे रैंप बनवाने की बात कहते हैं, तो मांगू साफ इंकार कर देते हैं। हालांकि, निगम कर्मचारी अपना काम करते रहे। इस पूरी घटना और पार्षद प्रतिनिधि के रवैये को लेकर कॉलोनीवासियों में भारी रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि जो व्यक्ति वर्तमान में पार्षद ही नहीं है, वह किस अधिकार से इस तरह की मनमानी कर रहा है।



### पंजाबी महिला विकास समिति ने 30 से अधिक महिलाओं का किया सम्मान

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

महिला दिवस के उपलक्ष्य में पंजाबी महिला विकास समिति द्वारा मनोविकास केंद्र पर समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 30 से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से कामिनी यादव और अनामिका वर्मा का सम्मान किया गया। ये दोनों महिलाएं शारीरिक रूप से असक्षम होने के बावजूद न केवल कॉलेज में सहायक लेक्चरर के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं, बल्कि मनोविकास संस्था में भी अपना योगदान दे रही हैं। इनका संघर्ष और समाज के प्रति समर्पण सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जीडीसी की लेक्चरर नीता तपन और मिसेज खान उपस्थित थीं। उन्होंने अपने विचारों से महिलाओं को सशक्त बनने और समाज में अपनी जगह बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में फादर प्रेम छाबड़ा भी मौजूद रहे।

इस सफल आयोजन में पंजाबी महिला विकास समिति की अध्यक्ष शुभ्रा जुल्का, सचिव रितु टंडन, मीना खत्री, मंजू कक्कड़, योगिता हुरिया, सीमा रावत, सुषमा अरोड़ा, मीना खुल्लर, स्वाति कालरा, अनीता छाबड़ा और उषा जुनेजा सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने मिलकर इस दिन को खास बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# दिल्ली में 'वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट समिट 2026': वैश्विक मंच पर चमका उज्जैन का छात्र, सौरभ चौधरी ने कृषि नवाचार और खाद्य सुरक्षा पर रखे विचार

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

नई दिल्ली के ताज पैलेस में 'द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट' द्वारा आयोजित 'वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट समिट 2026' का हाल ही में समापन हुआ। इस प्रतिष्ठित वैश्विक आयोजन में उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कृषि विभाग के छात्र सौरभ चौधरी ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। उन्होंने देश-विदेश के दिग्गज नीति-निमार्ताओं और पर्यावरण विशेषज्ञों के सामने कृषि नवाचारों पर बेबाकी से अपनी बात रखी।

### छोटे किसानों तक तकनीक पहुंचाने पर दिया जोर

शिखर सम्मेलन के विशेष सत्र 'युवा भागीदारी और नीति नवाचार' में सौरभ ने सतत कृषि (सस्टेनेबल एग्रीकल्चर) और जलवायु-लचीली (क्लाइमेट-रेसिलिएंट) खेती की आधुनिक तकनीकों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि तकनीक के माध्यम से छोटे और सीमांत किसानों तक आधुनिक समाधान पहुंचाकर ही भविष्य की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। वैश्विक मंच पर सौरभ की इस उपस्थिति ने यह साबित कर दिया है कि भारतीय शिक्षण संस्थानों के युवा जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर विमर्श में अपनी सक्रिय और अग्रणी भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### सम्मेलन में इन 3 प्रमुख मुद्दों पर हुआ मंथन:

जलवायु परिवर्तन और नेट-जीरो: कार्बन उत्सर्जन को तेजी से कम करने के उपायों और भविष्य के स्वच्छ ईंधन के रूप में 'ग्रीन हाइड्रोजन' के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई।

(लाइफ) आंदोलन: भारत की वैश्विक पहल 'लाइफ स्टाइल फॉर एन्वायरमेंट' (पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली) को विश्व स्तर पर एक बड़े जन-आंदोलन में बदलने की अपील की गई।

सर्कुलर इकोनॉमी: कचरा प्रबंधन (अपशिष्ट प्रबंधन) को बेहतर बनाने और पर्यावरण के अनुकूल काम करने वाले हरित स्टार्टअप्स (ग्रीन स्टार्टअप्स) को बढ़ावा देने के लिए ठोस रणनीतियां साझा की गईं।

**ग्लोबल स्थिरता के लिए वित्त और नवाचार का साथ आना जरूरी-** इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के शिखर सम्मेलन में गुयाना के उपराष्ट्रपति महामहिम भरत जगदेव और भारत के पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव सहित दुनिया भर के कई प्रमुख नीति-निमार्ताओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का समापन इस महत्वपूर्ण संदेश के साथ हुआ कि आने वाले दशक में वैश्विक पर्यावरण स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए वित्त (फंडिंग), नवाचार (इनोवेशन) और समुदाय-आधारित कार्यों का एक मंच पर आना बेहद अनिवार्य है।

## खबर एक नजर...

### आज लगेगा नि:शुल्क मेगा फिजियोथैरेपी शिविर

**उज्जैन।** अंचित सामाजिक संस्था और अरुषा फिजियोथैरेपी क्लिनिक के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नि:शुल्क मेगा फिजियोथैरेपी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आज बुधवार, 11 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक कंचनपुरा सामुदायिक भवन में लगेगा। आयोजन में वार्ड क्रमांक 39 के पार्षद जितेंद्र कुवाल का विशेष सहयोग रहेगा। शिविर में फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. अरुषा अग्रवाल (बीपीटी, एमआईएपी) द्वारा मरीजों का नि:शुल्क परीक्षण कर उचित परामर्श दिया जाएगा। शिविर में गर्दन, कमर व घुटनों का दर्द, गठिया, लकवा, कंधे व कोहनी का दर्द, हड्डी टूटने के बाद जोड़ों का जाम होना, जोड़ प्रत्यारोपण के बाद की फिजियोथैरेपी, सायटिका, स्लिप डिस्क, सुन्नपन, लिगामेंट सर्जरी और वेरीकोज वेन्स जैसी समस्याओं का मार्गदर्शन मिलेगा। कोरोना से स्वस्थ हुए मरीजों के फेफड़ों की मजबूती और महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व व पश्चात की फिजियोथैरेपी की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। साथ ही शुगर और बीपी की जांच भी मुफ्त की जाएगी। संस्था अध्यक्ष नीलू वर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार सेवा कार्य किए जा रहे हैं। त्योहारों पर झुग्गी-झोपड़ियों और जरूरतमंद परिवारों को कंबल, शॉल, मिठाइयां व कपड़े बांटने के साथ ही संस्था स्कूल में प्रवेश से वंचित बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था भी करवाती है। समाजसेवा के इसी उद्देश्य से डॉ. अरुषा अग्रवाल और नीलू वर्मा इस शिविर के माध्यम से अपनी सेवाएं दे रही हैं। इस सामाजिक कार्य में संस्था की टीम सदस्य निर्मला यादव, अंबिका यादव, ज्योति यादव, विनीता शर्मा, लता और असूल सहित अन्य कार्यकताओं का सराहनीय सहयोग मिल रहा है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से इस नि:शुल्क शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।

# 11 मार्च को होगा 11 जोड़ों का निशुल्क सामूहिक विवाह, श्यामधाम आश्रम से निकलेगी बारात

### महंत श्री श्यामगिरी जी महाराज के मार्गदर्शन में होगा आयोजन, राजाराम रिसोर्ट में संपन्न होंगे परिणय संस्कार

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

महाकालेश्वर भगवान और श्यामेश्वर महादेव की पूर्ण कृपा से श्री श्यामधाम आश्रम चिंतामण उज्जैन द्वारा 11 जोड़ों का निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह 11 मार्च बुधवार को आयोजित किया जा रहा है। यह पुनीत आयोजन महंत श्री श्यामगिरी जी महाराज राधे-राधे बाबा और महंत स्वामी आनंदजीवनदासजी के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। अमरावती देवी पति स्व. सर्वेशनारायण के पुण्य संकल्प से इस समारोह की विस्तृत रूपरेखा तय की गई है।

आयोजन के विषय में महंत श्री श्यामगिरी जी महाराज राधे-राधे बाबा ने बताया कि समारोह का शुभारंभ सुबह 7 बजे जोड़ों के परिवार के आगमन के साथ होगा। श्री श्यामधाम आश्रम में सुबह 8:30 बजे गणेश पूजन के पश्चात सुबह 9 बजे एक भव्य सामूहिक विवाह शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो राजाराम रिसोर्ट चिंतामण गणेश रोड पहुंचेगी। रिसोर्ट में सुबह 10 बजे स्नेह भोज, 11 बजे अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान, दोपहर 12 बजे मुख्य परिणय संस्कार (फेरे) और दोपहर 1 बजे विदाई समारोह का आयोजन किया जाएगा।

इस निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह को डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री म.प्र. की विशेष शुभेक्षा प्राप्त है। कार्यक्रम में अतिथि विशेष के रूप में बालयोगी उमेशनाथ महाराज राज्यसभा सांसद, मुकेश टटवाल महापौर उज्जैन, कलावती यादव सभापति नगर निगम उज्जैन, नारायण यादव वरिष्ठ समाजसेवी, बबलू यादव, रवि सोलंकी, महेश परियानी, अनिल फिरोजिया सांसद उज्जैन आलोट, अनिल जैन कालूहेड़ा विधायक उज्जैन उत्तर, रोशन कुमार सिंह कलेक्टर उज्जैन, प्रदीप शर्मा एसपी उज्जैन और प्रथक कौशिक महाकाल मंदिर प्रशासक की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

### पंजाबी महिला विकास समिति ने 30 से अधिक महिलाओं का किया सम्मान

उज्जैन। महिला दिवस के उपलक्ष्य में पंजाबी महिला विकास समिति द्वारा मनोविकास केंद्र पर समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 30 से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से कामिनी यादव और अनामिका वर्मा का सम्मान किया गया। ये दोनों महिलाएं शारीरिक रूप से असक्षम होने के बावजूद न केवल कॉलेज में सहायक लेक्चरर के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं, बल्कि मनोविकास संस्था में भी अपना योगदान दे रही हैं। इनका संघर्ष और समाज के प्रति समर्पण सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जीडीसी की लेक्चरर नीता तपन और मिसेज खान उपस्थित थीं। उन्होंने अपने विचारों से महिलाओं को सशक्त बनने और समाज में अपनी जगह बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में फादर प्रेम छाबड़ा भी मौजूद रहे। इस सफल आयोजन में पंजाबी महिला विकास समिति की अध्यक्ष शुभ्रा जुल्का, सचिव रितु टंडन, मीना खत्री, मंजू कक्कड़, योगिता हुरिया, सीमा रावत, सुषमा अरोड़ा, मीना खुल्लर, स्वाति कालरा, अनीता छाबड़ा और उषा जुनेजा सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने मिलकर इस दिन को खास बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# प्रेमचंद के साहित्य में नारी पात्र करती हैं क्रांति का सूत्रपात: डॉ. चुटैल

### विक्रमादित्य शोध पीठ में 'प्रेमचंद की कथाओं में नारी चित्रण' पर विमर्श; वक्ताओं ने कहा- नारी न कभी अबला थी, न है और न रहेगी

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

प्रेमचंद के साहित्य में तत्कालीन परिस्थितियों का सटीक चित्रण है। वे समस्याएं उठाते हैं और समाधान भी देते हैं। उनके नारी पात्र अबला न होकर क्रांति का सूत्रपात करते हैं। महिलाओं को आज स्वतंत्रता और उच्छृंखलता के बीच का अंतर समझना होगा। यह विचार विक्रम विवि हिन्दी अध्ययनशाला की पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रेमलता चुटैल ने व्यक्त किए। वे साहित्य अकादमी (मप्र संस्कृति परिषद) के तत्वावधान में प्रेमचंद सृजनपीठ द्वारा विक्रमादित्य शोध पीठ में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। आयोजन का विषय 'प्रेमचंद की कथाओं में नारी चित्रण' था। अध्यक्षीय उद्बोधन में माधव महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने कहा कि प्रेमचंद के नारी पात्र समाज को संबल और दिशा देते हैं। कुटुंब का विघटन रोकने के लिए हमारी बेटियों को ही आगे आना होगा। नारी न तब अबला थी, न अब है और न भविष्य में रहेगी।

# 2000 से ज्यादा रिश्ते तय करा चुका है संगठन, संत महेश गुरुजी ने किया फोल्डर विमोचन

### राजपूत समाज का निशुल्क परिचय सम्मेलन 5 अप्रैल को

### शर्मा परिसर में होगा 5वां आयोजन; पत्रिका प्रकाशन के साथ व्हाट्सएप ग्रुप से भी जोड़े जाएंगे समाजजन



**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा और राजपूत सोशल ग्रुप के तत्वावधान में 5 अप्रैल 2026 (रविवार) को देवास रोड स्थित शर्मा परिसर में राजपूत समाज का 5वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के लिए बड़नगर रोड स्थित क्षिप्रेश्वर धाम आश्रम में संत महेश गुरुजी द्वारा सम्मेलन के फोल्डर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम संयोजक किशोर सिंह भदौरिया और नरेश सिंह भदौरिया ने बताया कि यह आयोजन पूरी तरह निशुल्क रहेगा। इसमें प्रविष्टि (एंट्री), नाश्ता, भोजन और कुंडली मिलान के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। सम्मेलन के लिए देश-विदेश से लगातार प्रविष्टियां मिल रही हैं, जिनका प्रकाशन वैवाहिक पत्रिका में किया जाएगा।

# वेतन न मिलने से आक्रोशित स्वास्थ्य कर्मचारी 13 को रहेंगे सामूहिक अवकाश पर



### 350 कर्मचारियों का फरवरी का वेतन और एचआरए अटका; संघ ने सीएमएचओ व कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, एएनएम का वेतन काटने पर भी जताया कड़ा विरोध

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ और मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के बैनर तले स्वास्थ्य कार्यकताओं ने वेतन भुगतान सहित अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। संघ के पदाधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी है कि यदि तत्काल निराकरण नहीं हुआ, तो 13 मार्च (शुक्रवार) को सभी बहुउद्देशीय कर्मचारी एक दिन का सामूहिक अवकाश लेकर कार्य का बहिष्कार करेंगे।

संघ के अध्यक्ष सत्यप्रकाश अहिरवार और ओमप्रकाश यादव ने बताया कि जिले के 350 से अधिक कर्मचारियों को फरवरी 2026 का वेतन अब तक नहीं मिला है। पिछले कई महीनों से कर्मचारियों को एचआरए (भ्त।) का भुगतान भी नहीं किया गया है। इसके अलावा, शासन के आदेश के बावजूद हड़ताल अवधि के वेतन और समयमान वेतनमान के एरियर का भुगतान भी लंबे समय से अटका हुआ है, जिससे कर्मचारियों को भारी आर्थिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि शासन के निर्देशानुसार 55 वर्ष से अधिक उम्र की एएनएम से ऑनलाइन एंट्री नहीं करवाई जानी चाहिए, लेकिन स्थानीय स्तर पर उन पर इसका दबाव बनाया जा रहा है। इसी तरह, पुरुष बहुउद्देशीय कार्यकताओं (एमपीडब्ल्यू) से वैक्सीनेशन का कार्य नहीं कराने के निर्देश हैं, फिर भी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर्स उन पर दबाव बना रहे हैं। संघ ने कड़ा विरोध जताते हुए बताया कि उज्जैन शहर में पदस्थ एएनएम का हर महीने बिना किसी उचित कारण के तीन से चार दिन का वेतन काट लिया जाता है, जो पूरी तरह अनुचित है। सीएमएचओ से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने के दौरान मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय सह संगठन मंत्री मनोहर गिरी, जिला सचिव रामसिंह बनिहार, सह सचिव नवीन पांडे, न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के सचिव परमानंद कटारिया, संजय पुरैया, जिला संयोजक अजय परमार, संगठन मंत्री शकुंतला कौशल, महामंत्री राजेन्द्र अहिरवार, महेश धनेलिया, नंदिनी जोशी, नीलम डोंगरे, संभागीय अध्यक्ष रफीक मंसूरी और राकेश पाठक सहित कई कर्मचारी उपस्थित थे।

## विक्रम उद्योगपुरी स्थित प्लांट में 60 विद्यार्थियों ने लिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

# लोटि कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया अमूल फैक्ट्री का भ्रमण, जानी दूध से उत्पाद बनने और पैकेजिंग की प्रक्रिया

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**




लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य (लोटि) महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए विक्रम उद्योगपुरी स्थित ह्लअमूल पंचामृतह्ल प्लांट में एक शैक्षणिक और औद्योगिक भ्रमण (इंडस्ट्रियल विजिट) का आयोजन किया गया। इस टूर में विभिन्न संकायों के द्वितीय और तृतीय वर्ष के 60 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

प्राचार्य डॉ. शैलेश त्रिपाठी ने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक वातावरण, व्यावहारिक कार्यप्रणाली और नई तकनीकों से सीधे तौर पर रूबरू कराना था। विजिट के दौरान डेयरी के एचआर प्रबंधक गौरव रावत की अध्यक्षता में विशेषज्ञ टीम के सदस्य हार्दिक और प्रजापति ने विद्यार्थियों को उत्पादन, प्लांट संचालन, पैकेजिंग, मार्केटिंग, लागत और क्वालिटी कंट्रोल जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। संयंत्र संचालन को करीब से समझने के लिए विद्यार्थियों को प्लांट के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण कराया गया। यहां उन्होंने दूध की टेस्टिंग, पाश्चुरीकरण के साथ ही पनीर, घी, श्रीखंड, आइसक्रीम, फ्लेवर्ड मिल्क (सुगंधित दूध) और अन्य डेयरी उत्पादों के निर्माण की पूरी प्रक्रिया को लाइव देखा। इस दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के जिज्ञासापूर्ण सवालों के संतोषजनक जवाब भी दिए। इस सफल आयोजन पर लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक न्यास के अध्यक्ष किशोर खंडेलवाल, सचिव विश्वनाथ सोमण और कार्यपालन अधिकारी गिरीश भालेराव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। इस शैक्षणिक भ्रमण में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. अक्षिता तिवारी, डॉ. अंजलि शाह, डॉ. शीतल कुमार शर्मा, डॉ. मीनल वनवट और डॉ. जया परिहार भी विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहीं।

## खबर एक नजर...

### सिंधी भाई बंध पंचायत बुधवारिया के चुनाव संपन्न

**उज्जैन।** पूज्य सिंधी भाई बंध पंचायत बुधवारिया के चुनाव गीता कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर में निर्विरोध संपन्न हुए। कोषाध्यक्ष केशव भीमवानी ने बताया कि चुनाव में अर्जुन दास भीमवानी को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। वहीं, किशन देवनानी को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पंचायत की नई कार्यकारिणी में चंदि राम जेठवानी और प्रवीण रावलानी को उपाध्यक्ष चुना गया है। इसी तरह, कोषाध्यक्ष का दायित्व शत्रुघ्न दातवानी और केशव दास भीमवानी को सौंपा गया है। उपस्थित सदस्यों ने नई कार्यकारिणी से पंचायत के नियमों का पालन करते हुए समाज को एक नई दिशा देने और विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस चुनावी बैठक में प्रमुख रूप से पंडित लीलू महाराज, कोटूमल पेशवानी, दयाल दास आसवानी, दीपक पमनानी, अशोक पेशवानी, मुरली पमनानी, बबलू ऐलानी, अशोक जेठवानी, भगवानदास चंदनानी, गोरधन दास भीमवानी, नीरज टेकवानी, अर्जुन दास पेशवानी, बबलू तेजवानी, मुरलीधर भीमवानी, भूपेंद्र भीमवानी और नरेंद्र आयलानी सहित समाज के कई सदस्य उपस्थित थे।

# अग्रवाल नवयुवक मंडल का होली मिलनः समाजजनों ने खेली फूलों की होली, लठमार होली के मंचन ने मोहा मन

### राधा-कृष्ण बने बच्चों को मिला पुरस्कार; तंबोला में बांटे नकद इनाम, अतिथियों का हुआ सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




ब्रज और मथुरा की तर्ज पर धार्मिक नगरी अवंतिका में भी बसंत पंचमी के साथ ही होली महोत्सव की शुरूआत हो चुकी है। इसी कड़ी में अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अंकपात खाकचौक स्थित वैदेही गार्डन में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष इंद्रेश अग्रवाल के संयोजन में हुए इस समारोह में रास मंडलियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से रंग जमा दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत कुलदेवी मां लक्ष्मी और महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से हुई। समारोह का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं, जिनकी शुरूआत भजनों से हुई। कलाकारों ने श्रीनाथजी की होली और वृंदावन की लठमार होली का मनमोहक मंचन किया। राधा-कृष्ण का स्वरूप धरे कलाकारों के भजनों पर समाजजनों ने जमकर फूलों की होली का आनंद लिया।

राधा-कृष्ण बने नन्हे बच्चे हुए पुरस्कृत

समारोह में राधा-कृष्ण बनकर आए नन्हे बच्चों को नवयुवक मंडल द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही तंबोला (हाऊजी) का आयोजन हुआ, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को नकद पुरस्कार दिए गए। भोजन व्यवस्था में महेश अग्रवाल (फिल्म), मधुर चौधरी और मोहित गर्ग का विशेष सहयोग रहा।

समारोह में अतिथि के रूप में मौजूद समाजसेवी सुधीर भाई गोयल, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, न्यास अध्यक्ष निमेष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विजय अग्रवाल, श्याम बंसल, ट्रस्टी दीपक मित्तल, शैलेंद्र मित्तल, गोविंद गोयल, मधुर चौधरी, जयकिशन अग्रवाल, रवि बंसल, संदीप अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, समाजसेवी शशींद्र अग्रवाल, अजेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, विजय मित्तल और विशाल अग्रवाल का शॉल, श्रीफल और पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल सचिव दीपेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आयुष चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रीयेश अग्रवाल, अंश बंसल, संगठन मंत्री मोनिल अग्रवाल, सह सचिव नवीन जैन, नितिन सिंघल, सांस्कृतिक मंत्री विनय अग्रवाल, प्रचार मंत्री अवध सिंहल, आदित्य मंगलम, मीडिया प्रभारी राजेश अग्रवाल, पुरुषोत्तम बंसल, हरीश मित्तल, महामंत्री पवन अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य आयुष अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, अर्पित गोयल, मोहित अग्रवाल, अंकुर गर्ग, यश अग्रवाल और विपिन अग्रवाल उपस्थित रहे। अंत में आभार सचिव दीपेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष आयुष चौधरी ने माना।

# पवन विश्वकर्मा निर्विरोध बने विश्वकर्मा मेवाड़ा सुतार समाज के प्रदेश अध्यक्ष

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्वकर्मा मेवाड़ा सुतार समाज कल्याण समिति, मध्य प्रदेश की प्रदेश स्तरीय बैठक उज्जैन में संपन्न हुई। इसमें युवा समाजसेवी पवन विश्वकर्मा को निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुना गया।

समाज के श्याम विश्वकर्मा ने बताया कि इस बैठक में पिछले कार्यकाल के कार्यों का लेखा-जोखा और आय-व्यय की जानकारी प्रदेश भर से आए पदाधिकारियों के समक्ष रखी गई। इसके बाद नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा की गई, जिसमें सभी जिलों के पदाधिकारियों ने एक स्वर में हाथ उठाकर पवन विश्वकर्मा के नाम पर अपनी सहमति जताई। निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद पवन विश्वकर्मा ने शपथ ग्रहण की। प्रेस से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि समाज ने जो जिम्मेदारी और भरोसा उन पर जताया है, वे उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे समाज के हर वर्ग के लिए काम करेंगे। युवाओं को रोजगार दिलाना और समाज को राज्य व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने सभी को साथ लेकर एक समृद्ध समाज बनाने का संकल्प लिया।

इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव गोविंद विश्वकर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष देवकरण घटीवाले, प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा, इंदौर जिलाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, आगर जिलाध्यक्ष पवन विश्वकर्मा, शाजापुर जिलाध्यक्ष बालकृष्ण विश्वकर्मा, मंदसौर जिलाध्यक्ष दशरथ विश्वकर्मा, नीमच जिलाध्यक्ष दशरथ विश्वकर्मा और राजगढ़ जिलाध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा सहित सभी जिलों से आए वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्र निर्माण केवल निर्माण कार्य नहीं, सभी को साथ लेकर संतुलित विकास करना हैः डॉ. साहू

### सम्राट विक्रमादित्य विवि में इंडियन सोशियोलॉजिकल सोसाइटी के अध्यक्ष का व्याख्यान; कहा- शोध में सामाजिक संदर्भ समझना जरूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राष्ट्र निर्माण की दिशा में हर प्रयास अकादमिक के साथ-साथ नीति एवं योजना के स्तर पर भी अंतर्विषयक (इंटरडिसिप्लिनरी) होना चाहिए। राष्ट्र की प्रगति केवल भौतिक निर्माण कार्य नहीं है, बल्कि देश के सभी समूहों को साथ लेकर संतुलित विकास की भावना का होना है। यह बात इंडियन सोशियोलॉजिकल सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. दीप्ति रंजन साहू ने कही। वे सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में बोल रहे थे।



### संदर्भ के बिना अवलोकन कर सकता है भ्रमित

डॉ. साहू ने शोधार्थियों की भूमिका पर बल देते हुए स्पष्ट किया कि शोध केवल बाहरी अवलोकन पर आधारित नहीं होना चाहिए, बल्कि विषय के सामाजिक संदर्भ को समझना बेहद जरूरी है। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि किसी ग्रामीण महिला के अध्ययन में उसका ग्रामीण, स्त्री, निरक्षर, गरीब या दलित होना उस शोध को अधिक ठोस और वास्तविक बनाता है। संदर्भों के बिना किया गया अवलोकन शोधार्थी को भ्रमित कर सकता है। उन्होंने शोधार्थियों को अधिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया और बताया कि सुप्रीम कोर्ट व विधायिका भी समय-समय पर समाजशास्त्रीय अध्ययनों का उपयोग करते हैं, जो इस विषय की जिम्मेदारी को और बढ़ाता है।

व्याख्यान में डॉ. साहू ने पैट्रिक गेडिस से लेकर डॉ. राधा कमल मुखर्जी तक के अध्ययनों की वर्तमान प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि डॉ. मुखर्जी ने 1930 के दशक में ही मनुष्य, पशु और पर्यावरण के बीच संतुलन रखने की बात कही थी। पर्यावरण संरक्षण में समाजशास्त्र की महत्ता बताते हुए उन्होंने पैट्रिक गेडिस के वाक्य-₹यदि आप जीवित रहना चाहते हैं तो पत्तियों का ध्यान रखिए,₹ का भी स्मरण कराया। डॉ. साहू ने विद्यार्थियों को समाजशास्त्र के श्रेष्ठ कार्यों, पुस्तकों और विशेषज्ञों से भी परिचित कराया। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित हुआ, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों के पेचीदा सवालों के सहजता से उत्तर दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष एवं डीन डॉ. ज्योति उपाध्याय ने की। संचालन डॉ. मनु गोरहा ने किया तथा आभार डॉ. उत्तम सिंह मीणा ने माना। इस अवसर पर विभाग के शोधार्थी प्रवीण चौहान, रोहित देवड़ा, सत्यम साहू और प्रथम बरबेले सहित कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अस्मिता खेलो इंडिया लीग' के तहत हुई खेल प्रतियोगिताएं

**उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को नानाखेड़ा स्थित राजमाता विजयराजे सिंधिया बहुउद्देशीय खेल परिसर में महिलाओं और बालिकाओं के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 'अस्मिता खेलो इंडिया लीग' के अंतर्गत यह आयोजन मेरा युवा भारत उज्जैन द्वारा खेल और युवा कल्याण विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ।

# नेतृत्व क्षमता विकास पर जोर, लेकोड़ा में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति का प्रशिक्षण संपन्न

### जन अभियान परिषद ने किया आयोजन, प्रतिभागियों को बांटे गए प्रमाण पत्र; विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर मिला मार्गदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद (विकासखंड उज्जैन) द्वारा सेक्टर लेकोड़ा क्रमांक-2 में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति का सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।




कार्यक्रम में अतिथि वक्ता मयंक तिवारी और डॉ. राजेश रावल ने निर्धारित विषयों पर अपना प्रशिक्षण दिया। अतिथियों ने समाज में जनभागीदारी, नेतृत्व क्षमता के विकास और जन अभियान परिषद की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को समाज के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। समापन अवसर पर प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# 'हास्य कुंभ': 21 और 22 मार्च को लगेगी हंसी की योगशाला और मस्ती की पाठशाला

### हास्य योग केंद्र के 25 वर्ष पूरे होने पर आयोजन; शिविर में डिप्रेशन, बीपी और डायबिटीज जैसी बीमारियों से मुक्ति के सिखाए जाएंगे गुर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हास्य योग केंद्र भारतवर्ष की रजत जयंती (25 वर्ष) के अवसर पर शहर में 'हंसो उज्जैन हंसो' अभियान के तहत हास्य योग और मस्ती की पाठशाला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 21 और 22 मार्च को महाकाल की नगरी में देशभर के हास्य योग प्रेमियों का समागम होगा, जिसे 'हास्य कुंभ' का नाम दिया गया है।

आयोजन की जानकारी देते हुए स्वामी मुस्कुराके शैलेंद्र व्यास ने बताया कि यह समागम दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हास्य योग गुरु जितेन कोही के सानिध्य में होगा। पहले दिन, 21 मार्च की शाम 6:30 बजे से भरतपुरी स्थित मध्य प्रदेश सामाजिक विज्ञान संस्था ऑडिटोरियम में 'जो हंसे वह आगे बढ़े' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 'हाईना 25 अवॉर्ड' प्रदान किए जाएंगे और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

विक्रमादित्य व्यापारी संघ (फ्रीगंज) और भारत विकास परिषद के पदाधिकारी राकेश भार्गव ने बताया कि 22 मार्च को सुबह 6 बजे से फ्रीगंज स्थित शहीद पार्क (अभिव्यक्ति मंच) पर हास्य योग का अद्भुत शिविर लगेगा। इस निशुल्क शिविर में हास्य योग गुरु जितेन कोही एक्यूप्रेशर बिंदुओं और 'हास्य योग इंजीनियरिंग' की जानकारी देंगे। वे बताएंगे कि कैसे हास्य योग से दिल और इम्यून सिस्टम मजबूत होता है और दमा, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर (बीपी), हृदय रोग, माइग्रेन, टेंशन व डिप्रेशन जैसी बीमारियों से आसानी से मुक्ति पाई जा सकती है।

## खबर एक नजर...

### ओसवाल बड़ेसाथ समाज ने 71 वर्ष पूरे कर चुके बुजुर्गों और मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

**उज्जैन.** श्री ओसवाल (बड़ेसाथ) समाज पंचायत, शहर उज्जैन द्वारा रंगपंचमी के उपलक्ष्य में श्री महावीर जैन धर्मशाला, रंगमहल में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। सचिव प्रवीण कुमार ओरा ने बताया कि इस समारोह में समाज के उन पुरुषों और महिलाओं का सम्मान किया गया, जिन्होंने 8 मार्च 2026 तक अपनी आयु के 71 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इसके साथ ही, शिक्षा सत्र 2024-25 की परीक्षाओं में नर्सरी से 12वीं कक्षा तक प्रथम श्रेणी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा नर्सरी से 5वीं कक्षा तक प्रथम श्रेणी में पास होने वाले सभी बालक-बालिकाओं को भी प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। अध्यक्ष समरथ मल रतनबोहरा की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में शाम 4 बजे से ठंडाई का आयोजन रखा गया था। इसके पश्चात शाम 5:30 बजे से समाजजनों के लिए स्नेह भोज आयोजित किया गया, जिसमें सभी ने सपरिवार उपस्थित होकर सहभागिता की।

### 14 मार्च को लगने वाली नेशनल लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया

सनावद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया जा रहा हैं मोर्टक्का चौराहा,खरगोन रोड, इंदौर रोड,बाहेती कॉलोनी, त्रिकोण चौराहा पर प्रचार प्रसार किया गया न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया ने कहा कि आपराधिक प्रकरण के अंतर्गत धारा 138 के तहत चेक बाउंस मामले धारा 125 पति पत्नी के विवादित मामले एवं राजीनामा योग्य प्रकरणों को लोक अदालत के माध्यम से निराकरण किया जायेंगे एवं सिविल प्रकरण में जमीन जायदाद मेढ़ विवाद एवं धन सम्पत्ति के मामले निराकरण किया जाएगा साथ ही प्री लिटिगेशन के नगर पालिका के दूरसंचार के मामले भी निराकरण किए जाएंगे। 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत लगेगी आप सभी अपने पुराने से पुराने प्रकरण आपसी समझौते खत्म करा सकते है नेशनल लोक अदालत का लाभ ले।

### शीतला सप्तमी पर मंदिरों में लगी कतारें, परिवार की सुख समृद्धि की कामना की



सनावद। मगलवार को शीतला सप्तमी का पर्व मनाया गया। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पर्व को लेकर व्रतधारी महिलाओं में उत्साह देखा गया। शीतला माता मंदिरों में सुबह से महिलाओं व पुरुष की भीड़ माता के दर्शन व पूजन के लिए उमड़ी। नगर के राज मोहल्ला स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष माता की पूजा व दर्शन के लिए पहुंचे। महिलाओं ने माता की प्रतिमा पर शीतल जल अर्पित कर पूजन किया। एक दिन पूर्व बना भोजन, नारियल, मिष्ठान, अनाज सहित वस्त्र सहित सुहाग सामग्री अर्पित की। व्रतधारी महिलाओं ने अपने परिवारजनों की सुख शांति समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। अपने पति व संतान की दीर्घायु के हल्दी के छापे मांड कर कामना की। पूजन के बाद महिलाओं ने घर जाकर परिजनों के साथ बासी भोजन ग्रहण किया। पं. दत्तात्रेय त्रिवेदी ने बताया शीतला सप्तमी का पर्व विशेष रूप से विवाहित महिलाओं द्वारा किया - जाता है। यह व्रत महिलाएं परिजनों की दीर्घायु, सुख शांति और उत्तम स्वास्थ्य के लिए करती है। वयोवृद्ध सरोज त्रिवेदी ने पर्व की सामूहिक रूप से कथा सुनाई।

# 'चेटीचंड महोत्सव': 8 दिनों तक उज्जैन में गूंजेंगे भगवान झूलेलाल के जयकारे

### 15 से 22 मार्च तक होंगे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन; 20 को निकलेगी विशाल रैली, 22 को सजेगी अंतरराष्ट्रीय गायक जतिन उदासी की महफिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल के प्राकट्य उत्सव 'चेटीचंड' के उपलक्ष्य में शहर में 15 से 22 मार्च तक आठ दिवसीय भव्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 'सिंधु जागृत समाज' और 'सकल सिंधी समाज' द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस महोत्सव में धार्मिक, सामाजिक और मनोरंजक कार्यक्रमों की धूम रहेगी।

आयोजन को लेकर सिंधु जागृत समाज के वरिष्ठ समाजसेवी महेश परियानी और गोपाल बलवानी ने बताया कि महोत्सव का मुख्य आकर्षण 20 मार्च को निकलने वाली विशाल वाहन रैली और 22 मार्च को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सूफी गायक जतिन उदासी की विशेष लाइव प्रस्तुति होगी।

महोत्सव का उल्लास 15 मार्च (रविवार) को सिंधी कॉलोनी रोड पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम से शुरू होगा। शाम 6 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में देश-विदेश में अपनी कला का जादू बिखेर चुके प्रसिद्ध गायक मोहित लालवानी भजनों की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा, इसी दिन भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा द्वारा ड्राइंग व सिंधी फूड प्रतियोगिता और पूज्य सिंधी भाई बंध पंचायत द्वारा होली मिलन एवं बहराणा साहिब का आयोजन भी किया जाएगा।

चेटीचंड के दिन, 20 मार्च (शुक्रवार) को सुबह 9 बजे एक विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। यह रैली सिंधी कॉलोनी (पटेल कॉलोनी/गीता कॉलोनी झूलेलाल मंदिर) से शुरू होकर टावर चौक पहुंचेगी। वहां से हजारों की संख्या में समाजजन विभिन्न मार्गों से होते हुए इंदिरा नगर स्थित झूलेलाल गार्डन (खाक चौक) पहुंचेंगे। यहां इंदिरा नगर सिंधी समाज द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इस भव्य रैली में विशेष रूप से प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री जया प्रदा और सिंधी समाज के अभिनेता आफताब शिवदासानी शामिल होकर शोभा बढ़ाएंगे। समाजजनों को उम्मीद है कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हो सकते हैं।

### 19 से 21 मार्च के बीच ये आयोजन भी होंगे

इस दौरान माधव नगर सिंधी समाज, पूज्य सखखर पंचायत, श्री वरुण देव अखंड ज्योति मंदिर (गीता कॉलोनी), इंदिरा नगर सिंधी पंचायत, संतराम सिंधी कॉलोनी पंचायत और पूज्य जेकम आबाद पंचायत द्वारा शहर के अलग-अलग स्थानों पर बहराणा साहिब, ध्वजारोहण, भजन संध्या, समाजसेवियों का सम्मान और महाप्रसादी के भव्य आयोजन किए जाएंगे। महोत्सव का समापन समारोह 22 मार्च (रविवार) को होटल अथर्व (जंतर-मंतर, चिंतामण रोड) में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय सिंधी गायक जतिन उदासी अपनी टीम के साथ सूफी गायन की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के बाद समाजजनों के लिए भोजन प्रसादी (भंडारा) की व्यवस्था रहेगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए सिंधु जागृत समाज के अध्यक्ष प्रताप रोहरा, मुख्य संयोजक महेश परियानी, सचिव रमेश गंगवानी, कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, सह-संयोजक गोपाल बलवानी, रमेश गजरानी, दीपक बेलानी, किशोर मुलानी और रमेश गजवानी सहित कई पदाधिकारी और समाजजन सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

## फिट इंडिया वुमंस वीक अभियान का समापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर



बुरहानपुर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित फिट इंडिया वुमंस वीक अभियान का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर पल्लवी पौराणिक ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग का कार्य बहुत अच्छा है और यह विभाग शासन की हर योजना के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी अर्चना नागनपुरिया, अनुपमा मुजाल्दा, सुनीता नरगांवे, लूसिया रावत सहित बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी भारती आवस्या ने बताया कि यह अभियान 6 मार्च से 10 मार्च तक चला और इसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, योगाभ्यास, व्यायाम व जागरूकता जैसी, गतिविधियां आयोजित की गईं।

### निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए 28 मार्च तक करें आवेदन

**बड़वानी ।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षाओं में निशुल्क ऑनलाईन प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। 13 मार्च से अभिभावक ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार का कार्य कर सकेंगे, जिसकी अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है। चयन प्रक्रिया 2 अप्रेल को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से पूरी की जाएगी।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में 46 आवेदकों की समस्याएं सुनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

मंगलवार को हुई जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जनसुनवाई करते हुये 46 आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सुना तथा आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेजकर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।

जनसुनवाई में ग्राम भीलखेड़ा निवासी श्री लक्ष्मण पिता बाबु भीलाला ने आवेदन देकर बताया कि उनके नाम पर कृषि भूमि ग्राम पेण्ड्रा में राजस्व रेकार्ड में दर्ज है। उक्त कृषि भूमि के अलावा और कही पर उनके नाम की भूमि नहीं है। कृषि भूमि होने के बाद भी उनको प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री किसान निधि का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर जनसुनवाई कर रहे कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने आवेदन को तहसीलदार बड़वानी को भेजकर त्वरित निराकरण करने के निर्देशित किया। जनसुनवाई में ग्राम मालबैड़ी निवासी श्री विश्राम पिता हीरला ने आवेदन देकर बताया कि उनकी निजी भूमि के पास ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा तालाब का निर्माण किया है। निर्माण किये गये तालाब में वर्षा के दौरान पानी भरने से उनकी निजी भूमि भी पानी में डूब गई है। इस कारण से वे रबी सीजन की फसल नहीं ले पा रहे है। इस पर जनसुनवाई कर रहे अपर कलेक्टर श्री सोहन कनाश ने आवेदन को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बड़वानी को भेजकर त्वरित निराकरण करने के निर्देशित किया। जनसुनवाई में ग्राम भामटा निवासी श्रीमती संगीता अवास्या ने आवेदन देकर बताया कि वे कई ग्राम पंचायत अवल्दा में सरपंच एवं सचिव से प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ के लिये सम्पर्क कर चुकी हूँ । किन्तु अभी तक मेरी किसी भी प्रकार की सुनवाई नहीं की जा रही है। इस पर जनसुनवाई कर रहे कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने आवेदन को पीएमएव्हाय बड़वानी को भेजकर त्वरित निराकरण करने के निर्देशित किया। जनसुनवाई में बड़वानी निवासी एक महिला ने उपस्थित होकर आवेदन देकर बताया कि उनके पुत्र की मृत्यु 6 माह पूर्व हो चुकी है। पुत्र की मृत्यु के पश्चात उनकी बहू उन्हें उनके मकान में रहने नहीं देती।

### नगर में शीतला सप्तमी पर महिलाओं ने पूजन किया

**बाग।** नगर में शीतला सप्तमी का पर्व 10 मार्च मंगलवार को मनाया गया । महिलाओं द्वारा अर्ध रात्रि से शीतला माता मंदिर पहुंचकर पूजा का क्रम प्रारंभ किया। माता की आराधना नगर में चैत्र मास में होली के सातवें दिन शीतला सप्तमी का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं अपने परिवार को मुख समृद्धि और शीतलता के लिए शीतला माता से प्रार्थना कि। नगर में निवासरत परिवारजन. ठंडा भोजन चढाते है, वहीं सप्तमी को शीतला माता को मनाते है। माता पूजन कर ठंडा भोजन ग्रहण किया जाता है। चुकी इस व्रत में एक दिन पहले बनाया हुआ भोजन ग्रहण किया जाता है, इसलिए इसे बसियौरा भी कहते हैं।

## नार्मदीय ब्राह्मण समाज की साधारण सभा की बैठक में नई धर्मशाला निर्माण पर हुई चर्चा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद

रंगपंचमी के अवसर पर नार्मदीय ब्राह्मण समाज की साधारण सभा की बैठक रविवार को स्थानीय धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में समाज के संरक्षकगण, भूतपूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ एवं युवा पदाधिकारी, वर्तमान अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारिणी के साथ बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगवताचार्य पंडित संकल्प चौकड़े थे बैठक का शुभारंभ समाजजनों द्वारा मां नर्मदा की पूजा-अर्चना, नर्मदा अष्टक के पाठ तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान बालीपुर सरकार के जयकारे भी लगाए गए। तत्पश्चात सभी अतिथियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बैठक की औपचारिक कार्यवाही इकाई प्रवक्ता श्री रत्नेश भटोरे एवं श्री शांतिलाल चतुर्वेदी द्वारा प्रारंभ की गई। कार्यक्रम में कार्यकारिणी के सचिव श्री महेश जोशी ने स्वागत भाषण देते हुए ब्राह्मण समाज की महत्ता , सामूहिक विवाह एवं बटुकों के उपनयन संस्कार पर प्रकाश डाला और कहा कि ब्राह्मणों को अपने आचरण एवं कार्यों से मानव समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। इसके पश्चात कार्यकारी अध्यक्ष श्री जय करहे ने अपने उद्बोधन में ब्राह्मण समाज द्वारा वैदिक संस्कृति एवं संस्कारों के पालन एवं संरक्षण पर विशेष बल दिया।



## आमिर खान का लाहौर 1947 टाइटल बदलने से इनकार

हाल ही में सोशल मीडिया और कई रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया कि सनी देओल स्टारर फिल्म लाहौर 1947 का नाम बदलकर बंटवारा 1947 कर दिया गया है। लेकिन अब फिल्म के प्रोड्यूसर आमिर खान ने इन खबरों को पूरी तरह गलत बताते हुए साफ कर दिया है कि फिल्म का टाइटल नहीं बदला गया है।

बॉलीवुड हंगमा की रिपोर्ट के मुताबिक आमिर खान ने एक बयान में कहा कि फिल्म के नाम को लेकर जो खबरें सामने आ रही हैं, वे सही नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उनकी फिल्म का नाम लाहौर 1947 ही है और इसमें किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से इंटरनेट पर यह चर्चा तेज थी कि फिल्म का नाम बदलकर बंटवारा 1947 रखा जा सकता है। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया कि भारत-पाकिस्तान के मौजूदा राजनीतिक माहौल को देखते हुए लाहौर शब्द विवाद पैदा कर सकता है, इसलिए नाम बदलने पर विचार किया गया। हालांकि आमिर खान के बयान के बाद इन अटकलों पर विराम लग गया है। यह फिल्म मशहूर निर्देशक राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बन रही है और इसमें मुख्य भूमिका में सनी देओल नजर आएंगे। खास बात यह है कि सनी देओल और राजकुमार संतोषी की जोड़ी इससे पहले घायल, दामिनी और घातक जैसी सफल फिल्में दे चुकी है। इस वजह से दर्शकों को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। फिल्म की कहानी भारत के विभाजन यानी 1947 के दौर की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह कहानी मशहूर लेखक असगर असगर वजाहत के चर्चित नाटक जिस लाहौर नई देख्या ओ जम्या ही नहीं से प्रेरित बताई जाती है। इसमें उस समय के सामाजिक और मानवीय दर्द को दिखाया जाएगा, जब विभाजन के कारण लाखों लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा था।

# मिडिल ईस्ट तनाव के बीच कुवैत से भारत लौटीं उर्वशी




फ्लाइट में बैठते ही घबराई, आंखों में आए आंसू

सुरक्षित भारत पहुंचकर फैंस को दिया अपडेट



मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला कुवैत से भारत लौट आई हैं। हालात बिगड़ने के बाद उन्होंने जल्दबाजी में कुवैत छोड़ दिया। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर बताया कि उस दौरान वह काफी डर गई थीं और उनकी आंखों से आंसू निकल आए थे। दरअसल, हाल के दिनों में ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण मिडिल ईस्ट में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। कई जगहों पर मिसाइल हमलों और सुरक्षा अलर्ट की खबरें सामने आ रही हैं। इसी बीच उर्वशी रौतेला भी अपने एक प्रोफेशनल काम के सिलसिले में कुवैत गई हुई थीं, लेकिन हालात अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें तुरंत वहां से निकलना पड़ा।

एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में बताया कि जब तक वह फ्लाइट में बैठीं, तब तक सब ठीक था, लेकिन सीट पर बैठने के बाद अचानक उन्हें घबराहट महसूस होने लगी। उन्होंने लिखा कि उनका दिल बहुत तेज धड़कने लगा और अचानक डर की भावना ने घेर लिया। उर्वशी ने कहा कि उस समय वह खुद को असुरक्षित और चिंतित महसूस कर रही थीं, इसलिए उन्होंने अपने फैंस से दुआ करने की अपील भी की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुवैत एयरपोर्ट पर उस समय माहौल भी काफी तनावपूर्ण था। कई विदेशी नागरिक जल्दी-जल्दी देश छोड़ने की कोशिश कर रहे थे। सुरक्षा जांच बढ़ा दी गई थी और यात्रियों में घबराहट साफ नजर आ रही थी। इसी दौरान उर्वशी भी एयरपोर्ट पर भावुक हो गईं और फ्लाइट में बैठने से पहले उनकी आंखों में आंसू आ गए। हालांकि राहत की बात यह है कि उर्वशी अब सुरक्षित भारत लौट चुकी हैं। भारत पहुंचने के बाद उन्होंने अपने फैंस को बताया कि वह ठीक हैं। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों और एयरपोर्ट स्टाफ का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने मुश्किल हालात में यात्रियों की मदद की।



## रणदीप और लिन का मैटरनिटी फोटोशूट

### बेबी बंप फ्लॉन्ट करती दिखीं लिन, तस्वीरों में दिखा कपल का रोमांटिक अंदाज

बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा और उनकी पत्नी व अभिनेत्री लिन लैशराम जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। इस खास दौर को यादगार बनाने के लिए कपल ने हाल ही में एक खूबसूरत मैटरनिटी फोटोशूट कराया, जिसकी झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है। तस्वीरें सामने आते ही फैंस उन्हें खूब पसंद कर रहे हैं और लगातार बधाइयां दे रहे हैं।

फोटोशूट की तस्वीरों में दोनों के बीच गहरा प्यार और उत्साह साफ नजर आता है। एक तस्वीर में रणदीप हुड्डा, लिन लैशराम के बेबी बंप पर हाथ रखते हुए मुस्कुराते दिख रहे हैं। वहीं दूसरी तस्वीरों में कपल बेहद सहज और रोमांटिक अंदाज में पोज देता दिखाई दे रहा है। इन तस्वीरों में दोनों के चेहरे पर आने वाले नए जीवन को लेकर खुशी साफ झलक रही है।

लिन लैशराम ने भी इस फोटोशूट से जुड़ा एक भावुक नोट लिखा है। उन्होंने बताया कि कैमरे के सामने काम करते हुए सालों तक उन्हें अपने शरीर को लेकर कई तरह की असुरक्षाएं महसूस होती थीं। कभी बहुत पतली, कभी बहुत मोटी या कभी किसी और वजह से। लेकिन अब प्रेग्नेंसी के दौरान उन्हें अपने शरीर का यह बदलाव सबसे खूबसूरत लग रहा है। उन्होंने लिखा कि आज वह अपने शरीर की आलोचना नहीं करतीं, बल्कि इस बदलाव के लिए आभारी हैं। रणदीप और लिन ने नवंबर 2025 में सोशल मीडिया के जरिए अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। उस समय उनकी शादी की दूसरी सालगिरह भी थी। पोस्ट में उन्होंने लिखा था कि दो साल के प्यार और रोमांच के बाद अब उनकी जिंदगी में एक नन्हा मेहमान आने वाला है।

# आयुष्मान खुराना की फिल्म थम्मा का 21 मार्च को विश्व दूरदर्शन प्रसारण

अभिनेताआयुष्मान खुराना और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की चर्चित फिल्म थम्मा अब जल्द ही छोटे परदे पर दर्शकों के बीच पहुंचने जा रही है। इस फिल्म का विश्व दूरदर्शन प्रसारण 21 मार्च 2026 को रात 8 बजे सोनी मैक्स पर किया जाएगा। यह फिल्म एक अनोखी शैली की अलौकिक प्रेम कथा है, जिसमें रहस्य, भावना और लोककथा जैसे तत्वों का रोचक मिश्रण देखने को मिलता है।

फिल्म थम्मा पारंपरिक प्रेम कहानियों से अलग एक नई दृष्टि प्रस्तुत करती है। इसमें प्रेम, संवेदनशीलता और बाहरी रूप से परे मानवीय भावनाओं को अलग ढंग से दिखाने की कोशिश की गई है। कहानी में सौंदर्य और संवेदनशीलता के साथ-साथ उस धारणा को भी चुनौती दी गई है कि किसी व्यक्ति की पहचान केवल उसके बाहरी रूप से तय होती है। इसी कारण यह फिल्म पारंपरिक सुंदरता और राक्षस की कथा को आधुनिक और नए अंदाज में प्रस्तुत करती है।

फिल्म के निर्देशक आदित्य सर्पटदार ने बताया कि वह लंबे समय से आयुष्मान खुराना के साथ काम करना चाहते थे। उनके अनुसार आयुष्मान एक ऐसे कलाकार हैं जिनकी भावनात्मक सच्चाई दर्शकों को तुरंत उनसे जोड़ देती है। निर्देशक का कहना है कि इस



फिल्म की कहानी असामान्य और कल्पनात्मक दुनिया से जुड़ी है, इसलिए उन्हें ऐसे अभिनेता की जरूरत थी जो इस अनोखी कथा को भी सच्चाई और सहजता के साथ प्रस्तुत कर सके। उनके अनुसार आयुष्मान खुराना में यह क्षमता स्वाभाविक रूप से मौजूद है।

निर्देशक का यह भी कहना है कि आयुष्मान की अभिनय शैली दर्शकों को किसी भी असाधारण परिस्थिति को भी सामान्य और समझने योग्य बना देती है। यही कारण था कि उन्होंने शुरू से ही इस भूमिका के लिए आयुष्मान खुराना को चुना। उनका मानना है कि आयुष्मान इस अलौकिक प्रेम कहानी में एक विशेष गर्मजोशी और विश्वसनीयता लेकर आते हैं।

फिल्म में आयुष्मान खुराना आलोक गोयल नाम के एक नगर के पत्रकार की भूमिका निभा रहे हैं। उसका जीवन सामान्य रूप से चल रहा होता है, लेकिन अचानक उसकी जिंदगी में एक ऐसा मोड़ आता है जो सब कुछ बदल देता है। कहानी तब दिलचस्प हो जाती है जब वह तड़ाका या तारिका नाम की एक रहस्यमयी युवती से प्रेम करने लगता है। इस भूमिका को अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने निभाया है। इसके बाद घटनाओं की एक श्रृंखला शुरू होती है जो प्रेम, रहस्य और अलौकिक घटनाओं से भरपूर होती है।

फिल्म की कहानी केवल प्रेम तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसमें रहस्य और लोककथाओं से जुड़े कई दिलचस्प पहलू भी सामने आते हैं। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, दर्शकों को कई ऐसे मोड़ देखने को मिलते हैं जो फिल्म को और रोमांचक बना देते हैं। थम्मा लोकप्रिय भय और हास्य फिल्म श्रृंखला का हिस्सा भी मानी जा रही है। यह श्रृंखला की पांचवीं फिल्म है, जो पहले आई फिल्मों के बाद बनाई गई है। इस श्रृंखला की शुरूआत स्त्री से हुई थी, जिसके बाद रूही, भेड़िया, मुंजीया और स्त्री2 जैसी फिल्में भी दर्शकों के बीच लोकप्रिय हुईं। इन फिल्मों में रहस्य, हास्य और लोककथाओं का अनोखा मिश्रण देखने को मिला, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया।

इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना के अलावा कई अनुभवी कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। इनमें नवाजउद्दीन सिद्दीकी, परेश रावल और सत्यराज जैसे कलाकार शामिल हैं। इन सभी कलाकारों की मौजूदगी से फिल्म की कहानी और भी प्रभावशाली बन जाती है।

फिल्म के निर्माण और प्रस्तुति में रहस्य और हास्य के साथ-साथ भावनात्मक गहराई पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। यही कारण है कि यह फिल्म केवल डर या हास्य तक सीमित नहीं रहती, बल्कि मानवीय भावनाओं और संबंधों की गहराई को भी दर्शाती है। दर्शकों को इसमें प्रेम, संवेदनशीलता और रहस्य का संतुलित मेल देखने को मिलेगा।

फिल्म के दूरदर्शन प्रसारण को लेकर दर्शकों के बीच भी उत्साह देखा जा रहा है। सिनेमाघरों में चर्चा बटोरने के बाद अब यह फिल्म घर बैठे दर्शकों के लिए उपलब्ध होने जा रही है। शनिवार 21 मार्च 2026 की रात 8 बजे सोनी मैक्स पर इसका प्रसारण किया जाएगा, जहां दर्शक इस अनोखी अलौकिक प्रेम कथा का आनंद ले सकेंगे। फिल्म जगत के जानकारों का मानना है कि थम्मा का दूरदर्शन प्रसारण इसे और व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने में मदद करेगा।

# बीसीसीआई टीम इंडिया को 131 करोड़ देगा

## यह पैसा खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ में बंटेगा, आईसीसी ने 27.5 करोड़ प्राइज मनी दी थी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने पर टीम इंडिया के लिए 131 करोड़ रुपए के इनाम का ऐलान किया है। यह पैसा खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ में बंटेगा।

भारत ने रविवार को टी-20 वर्ल्ड चैंपियन का खिताब अपने नाम किया था। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया और ट्रॉफी जीती थी। इसके साथ ही टीम इंडिया ने अपना खिताब बरकरार रखा और टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में लगातार दो बार ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन गई।

बीसीसीआई ने खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ और सिलेक्टर्स को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी है। बोर्ड ने उम्मीद जताई कि टीम भविष्य में भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करती रहेगी।

**भारतीय टीम को 27.5 करोड़ प्राइज मनी मिली-** रिपोर्ट के मुताबिक, टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद भारतीय टीम को 3 मिलियन डॉलर (करीब 27.5 करोड़ रुपए) की इनामी राशि मिली। वहीं, रनर-अप न्यूजीलैंड को 1.6 मिलियन डॉलर (करीब 14.7 करोड़ रुपए) दिए गए। हालांकि, इस बार कळउ ने प्राइज मनी की आधिकारिक घोषणा नहीं की थी, जबकि आमतौर पर हर टूर्नामेंट में इसकी जानकारी पहले ही दे दी जाती है।




**भारत 3 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाला पहला देश-** भारतीय टीम 2024 के बाद 2026 में भी चैंपियन बनी और टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब डिफेंड करने वाली पहली टीम बन गई। इसके साथ ही इंडिया तीन टी-20 वर्ल्ड कप (2007, 2024 और 2026) जीतने वाली दुनिया की पहली टीम भी बन गया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में जीत के साथ भारत ने पहली बार अपने घरेलू मैदान पर टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी भी जीती। इससे पहले टीम ने 2007 में साउथ अफ्रीका और 2024 में वेस्टइंडीज में खिताब जीता था।

अब भारत के नाम तीन टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी हो गई हैं, जबकि वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दो-दो बार ही यह खिताब जीत सके हैं।

सूर्या ने गांधीनगर में 500 साल पुरानी बावड़ी में फोटोशूट किया टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टीम इंडिया के खिलाड़ियों के जश्न के अलग-अलग अंदाज देखने को मिले। कप्तान सूर्यकुमार यादव गुजरात के गांधीनगर स्थित 500 साल पुरानी ऐतिहासिक बावड़ी अडालज नी वाव में ट्रॉफी के साथ फोटोशूट करते नजर आए।

### टी-20 वर्ल्डकप फाइनल में अर्शदीप पर जुर्माना

#### न्यूजीलैंड के मिचेल की ओर गेंद फेंकी थी; मैच फीस का 15% कटा, डिमेरिट पॉइंट भी मिला

टी-20 वर्ल्डकप 2026 के फाइनल में भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर आचार संहिता के उल्लंघन के कारण जुमार्ना लगाया गया है। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल की ओर गेंद फेंकने की घटना के बाद कळउ ने उन पर कार्रवाई की।

मंगलवार को जारी बयान में अर्शदीप की मैच फीस का 15% काटने के साथ उनके खाते में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ दिया गया। 8 फरवरी को फाइनल में अर्शदीप ने गुस्से में आकर मिचेल की तरफ गेंद फेंकी थी। जो उनके पैड्स पर लगी थी।

**लेवल-1 के तहत जुर्माना-** यह कार्रवाई आईसीसी की आचार संहिता के लेवल-1 उल्लंघन के मामले में की गई। फाइनल मैच रविवार को अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला गया था। इसमें भारत ने 96 रन से कीवी टीम को हराकर लगातार दूसरी और ओवरऑल तीसरा टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली टीम बनी थी।

**मिचेल की कोहनी पर बॉल लगी-** न्यूजीलैंड की पारी के 11वें ओवर में अर्शदीप ने अपने फॉलो थ्रू में गेंद फील्ड की और वापस फेंकी, जो बल्लेबाज डेरिल मिचेल को लग गई। इसे कळउ आचार संहिता के आर्टिकल 2.9 का उल्लंघन माना गया। इस नियम में मैच के दौरान किसी खिलाड़ी की ओर अनुचित या खतरनाक तरीके से गेंद या अन्य उपकरण फेंकने को गलत माना जाता है।

### भारत विमेंस फुटबॉल एशियन कप से बाहर, चाइनीज ताइपे ने 3-1 से हराया



ब्रह्मास्त्र ›› सिडनी

भारत विमेंस फुटबॉल एशियन कप से बाहर हो गया है। मंगलवार को एशियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन के आखिरी ग्रुप मैच में भारत को चाइनीज ताइपे के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही टीम का टूनामेंट में सफर समाप्त हो गया। इस मैच में जीत भारत के लिए बेहद जरूरी थी, क्योंकि अगले दौर में पहुंचने के लिए उसे कम से कम दो गोल के अंतर से जीत दर्ज करनी थी। मुकाबले के दौरान भारतीय कप्तान स्वीटी देवी और गोलकीपर पंथोई चोटिल हो गईं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। सिडनी में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने लंबे समय तक गेंद पर नियंत्रण रखा और कई मौके भी बनाए, लेकिन अंतिम हिस्से में टीम गोल करने में नाकाम रही। इसी वजह से टीम को हार झेलनी पड़ी और टूनार्मेंट से बाहर होना पड़ा। भारत इससे पहले ग्रुप स्टेज में वियतनाम और जापान से भी हार चुका था। मैच के 12वें मिनट में चाइनीज ताइपे ने बढ़त बना ली। संजू के खराब बैक पास के बाद जे डब्ल्यू चेन ने गेंद वाई एच सू को पास की, जिन्होंने खाली गोलपोस्ट में गेंद डाल दी। भारत ने 39वें मिनट में वापसी की।












### केंद्र सरकार का आदेश

## बुकिंग नियम बदला अब 21 दिन बाद ही मिलेगा दूसरा सिलेंडर




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था में बदलाव करते हुए अब उपभोक्ताओं को दो गैस सिलिंडर लेने के बीच कम से कम 21 दिनों का अंतर रखना अनिवार्य कर दिया गया है। इससे पहले यह अवधि 15 दिन निर्धारित थी। उल्लेखनीय है कि एक ही दिन पहले केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस की कीमतों में 60 रुपये की बड़ी वृद्धि की है।

नई व्यवस्था लागू होने के बाद अब उपभोक्ता 21 दिन पूरे होने के बाद ही अगला सिलिंडर बुक करा सकेंगे। गैस एजेंसियों का कहना है कि तेल कंपनियों के निर्देश के अनुसार यह नया नियम लागू किया गया है। इसका उद्देश्य गैस वितरण प्रणाली को अधिक व्यवस्थित बनाना और सभी उपभोक्ताओं तक समय पर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

उन्होंने बताया कि कई बार कम समय के अंतराल में बार-बार सिलिंडर लेने की वजह से वितरण व्यवस्था पर दबाव बढ़ जाता है। ऐसे में 21 दिनों का अंतर तय किए जाने से आपूर्ति प्रक्रिया को संतुलित रखने में मदद मिलेगी। गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार, उपभोक्ता पहले की तरह ही मोबाइल ऐप, ऑनलाइन पोर्टल या फोन कॉल के माध्यम से सिलिंडर बुक करा सकते हैं, लेकिन सिस्टम में 21 दिन पूरे होने से पहले बुकिंग स्वीकार नहीं होगी। एजेंसी संचालकों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी गैस खपत की योजना उसी अनुसार बनाएं, ताकि रसोई गैस की उपलब्धता में किसी तरह की परेशानी न हो। नई व्यवस्था लागू होने के बाद शहर के उपभोक्ताओं को गैस वितरण प्रणाली में कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

# पश्चिम एशिया संघर्ष से भारत के 11.8 अरब डॉलर के कृषि निर्यात पर कैसे खतरा?



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण शिपिंग रूट में बाधा, बीमा लागत में बढ़ोतरी और लॉजिस्टिक्स अनिश्चितता बढ़ने से भारत के करीब 11.8 अरब डॉलर के कृषि और खाद्य निर्यात पर खतरा मंडरा रहा है। 2025 में यह क्षेत्र भारत के कुल कृषि निर्यात का 21.8% हिस्सा था।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर अब भारत के कृषि और खाद्य उत्पादों के निर्यात पर भी पड़ने लगा है। थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, इस क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण शिपिंग रूट प्रभावित हो रहे हैं, बीमा लागत बढ़ रही है और लॉजिस्टिक्स को लेकर अनिश्चितता पैदा हो रही है। इससे भारत के लगभग 11.8 अरब डॉलर के निर्यात पर खतरा मंडरा रहा है।

**पश्चिम एशिया में कितना होता है कारोबार-** जीटीआरआई के मुताबिक, वर्ष 2025 में भारत ने पश्चिम एशिया को करीब 11.8 अरब डॉलर के कृषि और खाद्य उत्पाद निर्यात किए थे। इसमें अनाज, फल-सब्जियां, डेयरी उत्पाद और मसाले जैसे सामान शामिल हैं। यह भारत के कुल कृषि निर्यात का लगभग 21.8 प्रतिशत हिस्सा है।

रिपोर्ट के अनुसार, भौगोलिक नजदीकी और बड़ी भारतीय प्रवासी आबादी के कारण खाड़ी क्षेत्र लंबे समय से भारत के खाद्य उत्पादों का प्रमुख बाजार रहा है लेकिन मौजूदा संघर्ष के कारण समुद्री मार्गों में बाधा, बीमा प्रीमियम में वृद्धि और सप्लाई चेन में अनिश्चितता पैदा हो रही है।

**क्या कहते हैं आंकड़े-** आंकड़ों के अनुसार, भारत ने 2025 में पश्चिम एशिया को अनाज, फल-सब्जियां और मसालों की करीब 7.48 अरब डॉलर की आपूर्ति की, जो इस श्रेणी के भारत के कुल वैश्विक निर्यात का 29.2 प्रतिशत है। इसमें चावल, केले, प्याज, दालें, मेवे, कॉफी, चाय और कई तरह के मसाले प्रमुख हैं।

**चावल निर्यात पर कैसे पड़ेगा सबसे ज्यादा असर-** जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि सबसे ज्यादा असर चावल के निर्यात पर पड़ सकता है।

भारत ने 2025 में पश्चिम एशिया को 4.43 अरब डॉलर का चावल निर्यात किया था, जो देश के कुल चावल निर्यात का 36.7 प्रतिशत है।

इससे पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के किसानों पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है।

इसके अलावा भारत ने पिछले वर्ष पश्चिम एशिया को 396.5 मिलियन डॉलर के केले और 111 मिलियन डॉलर के प्याज-लहसुन का निर्यात किया।

वहीं जायफल, जावित्री और इलायची जैसे मसालों का निर्यात 295.5 मिलियन डॉलर, जीरा-धनिया जैसे स्पाइस सीड्स का 163 मिलियन डॉलर और अदरक-हल्दी का 173 मिलियन डॉलर रहा।

रिपोर्ट के अनुसार, कॉफी का निर्यात 240.7 मिलियन डॉलर और चाय का 410.1 मिलियन डॉलर रहा।

इसके अलावा प्रोसेस्ड फूड, चीनी और कोको उत्पादों का निर्यात 1.35 अरब डॉलर तथा मछली, मांस और प्रोसेस्ड उत्पादों का निर्यात 1.81 अरब डॉलर रहा।

### इंडिगो में बड़ा बदलाव

## सीईओ पीटर एल्बर्स ने दिया इस्तीफा, राहुल भाटिया को मिली अंतरिम कमान

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने इस्तीफा दे दिया है। उनकी जगह एयरलाइन के सह संस्थापक राहुल भाटिया को कंपनी के सीईओ का अंतरिम प्रभार सौंपा गया है। इस्तीफे की वजह और आगे की रणनीति पर पूरी खबर पढ़ें।

देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो के शीर्ष नेतृत्व में एक बड़ा बदलाव हुआ है। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने इस्तीफा दे दिया है। एयरलाइन का कहना है कि उन्हें तत्काल प्रभाव से पद से मुक्त कर दिया गया है। मंगलवार को विमानन कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यह बड़ा कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब एयरलाइन हाल ही में एक गंभीर 'ऑपरेशनल संकट' से गुजरी है, इस संकट ने भारत के विमानन क्षेत्र में प्रबंधन के स्तर पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे

**जानिए इस बारे में क्या है अपडेट-** पीटर एल्बर्स का यह इस्तीफा दिसंबर महीने में एयरलाइन की ओर से सामना किए गए अब तक के सबसे खराब परिचालन संकट के बाद आया है।

**भारी दबाव और जांच:** इस संकट के दौरान एयरलाइन के संचालन में बड़ी बाधाएं आई थीं, जिसके कारण न केवल आम जनता की ओर से एयरलाइन को भारी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, बल्कि सरकारी स्तर पर भी इंडिगो की कड़ी जांच की गई थी।


**बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू:** एयरलाइन की ओर से मंगलवार को जारी बयान में साफ किया गया है कि पीटर एल्बर्स का इस्तीफा 10 मार्च 2026 से ही प्रभावी हो गया है।

**राहुल भाटिया संभालेंगे कमान-** इस चुनौतीपूर्ण समय में कंपनी को स्थिरता प्रदान करने के लिए इंडिगो के मौजूदा प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया को यह अहम कमान सौंपी गई है।

### एसईजेड नीति में बड़े बदलाव की तैयारी:

# समीक्षा के लिए 17 सदस्यीय समिति गठित

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने विशेष आर्थिक क्षेत्रों की नीति में सुधार के लिए 17 सदस्यीय समिति बनाई है। यह समिति एसईजेड-2.0 नीति का रोडमैप तैयार करेगी और निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं तथा शुल्क मुक्त आयात जैसे मुद्दों का अध्ययन करेगी। समिति एसईजेड अधिनियम 2005 की भी समीक्षा करेगी। आइए, इस पूरे मामले को विस्तार से जानते हैं।

केंद्र सरकार ने विशेष आर्थिक क्षेत्रों यानी एसईजेड नीति में बड़े सुधार की दिशा में कदम बढ़ाया है। सरकार ने एसईजेड-2.0 नीति तैयार करने के लिए 17 सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति देश में निर्यात को बढ़ाने और निवेश आकर्षित करने के लिए नई नीति का रोडमैप तैयार करेगी। माना जा रहा है कि इससे उद्योग, निर्यात और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर पैदा हो सकते हैं।

सरकार के अनुसार यह समिति एक अवधारणा पत्र तैयार करेगी, जिसमें एसईजेड-2.0 के लिए व्यापक सुधारों के सुझाव दिए जाएंगे। समिति में वाणिज्य मंत्रालय, सीमा शुल्क, नीति आयोग, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल किए गए हैं। समिति का उद्देश्य मौजूदा एसईजेड नीति को बदलते वैश्विक व्यापार और निवेश माहौल के अनुरूप बनाना है।

समिति निर्यात को बढ़ावा देने से जुड़ी कई योजनाओं का अध्ययन करेगी। इसमें विशेष आर्थिक क्षेत्र, निर्यात उन्मुख इकाइयां, विनिर्माण और गोदाम संचालन, अग्रिम प्राधिकरण और पूंजीगत वस्तुओं के लिए निर्यात प्रोत्साहन जैसी योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा शुल्क मुक्त आयात प्राधिकरण जैसे प्रावधानों को भी नीति में शामिल कर उनके सामंजस्य पर विचार किया जाएगा।

समिति के कार्यक्षेत्र में एसईजेड अधिनियम 2005 की समीक्षा भी शामिल है। इसका उद्देश्य यह देखना है कि वर्तमान वैश्विक व्यापार और निवेश माहौल में यह कानून कितना प्रभावी है। समिति यह भी जांच करेगी कि क्या मौजूदा नीतियों में कोई ऐसी खामियां हैं जिन्हें दूर करने की जरूरत है।

### निवेश और रोजगार को बढ़ाने में एसईजेड की क्या भूमिका होगी?

सरकार चाहती है कि एसईजेड के जरिए देश में घरेलू और विदेशी निवेश को बढ़ावा मिले। समिति यह भी आकलन करेगी कि विशेष आर्थिक क्षेत्र विनिर्माण, सेवाओं, तकनीकी उन्नयन और मूल्यवर्धन को कितना बढ़ावा दे रहे हैं। इसके साथ ही रोजगार सृजन में इनकी भूमिका का भी अध्ययन किया जाएगा, जिसमें एमएसएमई क्षेत्र को मिलने वाले अवसर भी शामिल होंगे।

### उद्योगों को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है?

समिति एसईजेड डेवलपर्स और कंपनियों को आने वाली समस्याओं की भी पहचान करेगी। इसमें सीमा शुल्क, कर व्यवस्था, नियामकीय प्रक्रियाएं, अनुपालन का बोझ और बुनियादी ढांचे से जुड़ी चुनौतियां शामिल हैं। साथ ही विभिन्न सरकारी एजेंसियों के बीच समन्वय की स्थिति का भी अध्ययन किया जाएगा, ताकि नीतिगत सुधार के लिए ठोस सुझाव दिए जा सकें।

### सेंसेक्स में 2200 अंक से ज्यादा की गिरावट, निफ्टी भी लुढ़का

## शेयर बाजार में निवेशकों के 16 लाख करोड़ एक ही दिन में डूबे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रही जंग के चलते सोमवार को एशियाई बाजारों में भारी गिरावट देखने को मिली। दो दिनों के सप्ताहिक अवकाश के बाद खुले भारतीय शेयर बाजार में भी भूचाल आ गया। बाजार के दोनों प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली।

सुबह जैसे ही बाजार खुला इसमें जबरदस्त गिरावट शुरू हो गई। 5-7 मिनट के भीतर ही सेंक्सेक 2300 अंक से ज्यादा की गिरावट के साथ कारोबार करता दिखा। जबकि निफ्टी50 700 अंक टूटकर ट्रेड करता दिखा। हालांकि बाद में गिरावट कुछ कम हुई लेकिन तब तक निवेशकों के 16 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो चुके थे।

भारतीय शेयर बाजार शनिवार और रविवार को साप्ताहिक अवकाश के चलते बंद रहा। सोमवार को प्री-ओपनिंग में ही बाजार में गिरावट के संकेत मिलने लगे। क्योंकि उससे पहले एशियाई बाजार में भी भारी गिरावट देखने को मिली। शुक्रवार को सेंसेक्स जहां 78918.90 अंक पर बंद हुआ तो वहीं सोमवार को ये 1862.10 अंक टूटकर 77056.75 के स्तर पर खुला। बाजार के खुलने के 10 मिनट बाद ही इसमें 2480 अंक गिरावट देखने को मिली। उसके बाद ये गिरकर 76450 अंक पर कारोबार करता दिखा। आज सुबह सेंसेक्स का सबसे निचला स्तर 76424.55 और इसका उच्चतर स्तर 77333.85 अंक रहा।

**निफ्टी में भी आई भारी गिरावट-** वहीं दूसरी ओर निफ्टी50 भी भारी गिरावट के साथ खुला। शुक्रवार को ये 24765.9 अंक पर क्लोज हुआ तो सोमवार को ये 109.15 अंक गिरकर 24656.4 अंक खुला। उसके बाद इसमें जबरदस्त गिरावट शुरू हुई और ये 710 अंक से ज्यादा गिरकर 23740 पर कारोबार करता दिखा। सोमवार सुबह निफ्टी50 का सबसे निचला स्तर 24415.75 अंक पर रहा। जबकि इसका उच्चतम स्तर 24700 अंक पर देखा गया।

## कोविड टीके के दुष्प्रभावों पर मुआवजा नीति बने

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 रोधी टीकाकरण से होने वाले गंभीर दुष्प्रभाव के लिए मुआवजा नीति तैयार करने का केंद्र सरकार को निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने मंगलवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी। इसके लिए किसी अलग विशेषज्ञ निकाय की जरूरत नहीं है। पीठ ने स्पष्ट किया कि उसका यह निर्णय किसी व्यक्ति को कानून में उपलब्ध अन्य उपायों का सहारा लेने से नहीं रोकता है। पीठ ने कहा कि इसी तरह दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति तैयार करना केंद्र या किसी अन्य प्राधिकरण की ओर से जिम्मेदारी या गलती को स्वीकार करना नहीं माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने उन याचिकाओं पर यह व्यवस्था दी, जिनमें से एक में आरोप लगाया गया था कि 2021 में कोविड-19 रोधी टीके की पहली खुराक लेने के बाद दो महिलाओं की मौत हो गई थी।

## एनसीईआरटी ने विवादित पाठ वाली पुस्तक वापस ली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका पर आपत्तिजनक अध्याय शामिल करने के लिए मंगलवार को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगी। परिषद ने कहा कि पाठ्यपुस्तक वापस ले ली गई है। एनसीईआरटी ने बयान जारी कर कहा कि सामाजिक विज्ञान की पुस्तक ह्यएक्सप्लोरिंग सोसाइटीः इंडिया एंड बियॉन्डह्व में अध्याय चार ह्यहमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिकाह्व शामिल था। परिषद की ओर से कहा गया कि एनसीईआरटी के निदेशक और सदस्य इस अध्याय के लिए बिना शर्त माफी मांगते हैं। पूरी पुस्तक वापस ले ली गई है और अब उपलब्ध नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने लिया था संज्ञान : मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में न्यायपालिका के बारे में आपत्तिजनक अध्याय का स्वतः संज्ञान लिया था। उच्चतम न्यायालय ने पुस्तक के भविष्य में किसी भी प्रकाशन, पुनर्मुद्रण या डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार ने भी पुस्तक पर खेद व्यक्त किया था।

## बदरीनाथ-केदारनाथ में गैर सनातनी नहीं जा सकेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बदरीनाथ धाम और केदारनाथ में गैर सनातनियों के प्रवेश पर रोक लगाने का रास्ता साफ हो गया। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति की मंगलवार को देहरादून में हुई बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से इस संबंध में प्रस्ताव को पारित कर दिया गया। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि दोनों धामों में एक तय सीमा के भीतर मोबाइल को प्रतिबंधित करने का निर्णय भी किया गया है। उन्होंने बताया कि बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल और केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुल रहे है। गंगोत्री यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया पर 19 अप्रैल को खुलेंगे। इसके लिए समिति की ओर से तैयारियां पूरी की जा रही हैं। बैठक में बदरीनाथ धाम के लिए 57.47 करोड़ और केदारनाथ धाम के लिए 63.60 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित भी पारित किया गया।

## सीईओ एल्बर्स ने पद छोड़ा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा ऐसे समय हुआ है, जब कुछ माह पहले इंडिगो की बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने से हजारों यात्री प्रभावित हुए थे। एमडी राहुल भाटिया अंतरिम रूप से प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालेंगे।

# स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, गोगोई बोले- राहुल को 20 बार टोका गया

## रिजिजू का जवाब- प्रियंका को नेता प्रतिपक्ष बनाते तो अच्छा होता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया। 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया। इसके बाद पीठासीन ने प्रस्ताव पेश करने की परमिशन दे दी। प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 10 घंटे का समय तय हुआ। मंगलवार को करीब 7 घंटे चर्चा हुई। इसके बाद सदन की कार्रवाई बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष ने ओम बिरला पर सदन की कार्यवाही में पक्षपात करने का आरोप लगाया है।

बहस की शुरुआत कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने की। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान 20 बार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को रोका-टोका गया। उन्हें बार बार रूलिंग बुक दिखाई गई। उन्होंने अपनी स्पीच में एक आर्टिकल का हवाला दिया। इस पर उन्हें मना किया गया, लेकिन सत्ता पक्ष के सांसदों ने भारत में बैन किताबें सदन में दिखाईं। उनसे कुछ नहीं कहा गया। इस तरह का भेदभाव स्वीकार नहीं है। 2 फरवरी को नेता विपक्ष राहुल गांधी जब बोल रहे थे, तब उन्हें बार-बार रोका गया। स्पीकर सर ने उनसे तर्क पर सबूत देने का कहा। 9 फरवरी को शशि थरूर जब बोल रहे थे, तब उनका माइक बंद कर दिया गया। सरकार ने कहा कि बोलिए, लेकिन हम कैसे बोल सकते हैं जब माइक ऑफ किया गया हो। संसद में ऐसी नई-नई चीजें हो रही हैं। आज महिला सांसदों के उद्देश्य पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ओम बिरला जी ने पीएम मोदी के समय कहा था कि महिला सांसदों ने पीएम की चेयर घेर ली है। उनके साथ कुछ भी हो सकता था। ये बहुत ही शर्मनाक बात है। बिरला ने किस आधार पर महिला सांसदों पर ये आरोप लगाए।

### रिजिजू ने कहा- सेशन के दौरान राहुल विदेश चले जाते हैं

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- इन लोगों ने पहले आरोप लगाया कि छह्नद को बोलने नहीं दिया जाता है। मैं कहता हूं 15वीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष केवल 2 बार बोले। जब सेशन चलता है, तो विदेश चले जाते हैं। नेता प्रतिपक्ष अपनी बात बोल के सदन से भाग जाते हैं। किसी और की बात नहीं सुनते हैं। फिर कहते हैं कि मुझे बोलने नहीं दिया जाता है। पहली बार मैंने ऐसा दृश्य देखा कि नेता प्रतिपक्ष पीएम को गले लगा रहा है। अपनी सीट पर बैठकर अपने सांसद को आंख मारता है। जैसा लीडर है तो बाकी के सांसद भी वैसे ही होंगे। मेंबर चेयर को यार कहते हैं। फिर कहते हैं कि इसमें गलत क्या है (वेणुगोपाल ने चेयर को यार कहा था)। प्रियंका को एलओपी बनाते तो कुछ अच्छा होता। देखिए प्रियंका हंस रही हैं। जो अच्छा व्यवहार करे तो उसकी सराहना करनी चाहिए।

## हवाई टिकट का रिफंड पाना हुआ मुश्किल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच बड़ी संख्या में उड़ान सेवाएं रद्द हो रही हैं, जबकि कई यात्री भी अपनी बुकिंग रद्द करवा रहे हैं। लेकिन ऐसी स्थिति में टिकट का किराया वापस (रिफंड) पाना मुश्किल हो गया है।

खासकर ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों से बुकिंग कराने वालों को ज्यादा परेशानी हो रही है। कंपनियां समय पर पैसा नहीं लौटा रही हैं, या फिर 10-20 प्रतिशत तक शुल्क के नाम पर काट रही हैं। 28 फरवरी के बाद से उड़ानें रद्द होने या बुकिंग रद्द करवाने के मामले तेजी से बढ़ हैं। ऐसे मामलों में विमानन कंपनियों से सीधे बुकिंग करवाने वालों को पूरा रिफंड मिल रहा है, लेकिन ट्रैवल कंपनियों से बुकिंग कराने वाले परेशान हैं। ऐसे मामलों को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा सक्रिय किए गए कंट्रोल रूम और मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडिल पर शिकायतों की संख्या सबसे ज्यादा है। समय पर रिफंड नहीं, काटा गया शुल्क : मंगलवार को अश्विनी वशिष्ठ नाम के यूजर ने मंत्रालय के सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर शिकायत की कि विमान कंपनी उनके टिकट का पूरा रिफंड सात मार्च को लौटा चुकी है। कंपनी की ओर से यह जानकारी दी गई है, लेकिन अब तक ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म ने धनराशि वापस नहीं की है। इस पर मंत्रालय ने कंपनी को तत्काल धनराशि लौटाने का निर्देश दिया। ऐश्वर्या अदिति सिन्हा नामक यात्री ने लिखा कि मैंने लखनऊ से दुबई के लिए टिकट बुक की थी, जिसे एयर इंडिया एक्सप्रेस ने रद्द कर दिया। विमानन कंपनी ने पूरा रिफंड देने की बात कही, लेकिन ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी ने 1095 रुपये काटकर मुझे 16962 वापस किए। इस पर मंत्रालय की तरफ से कहा गया कि आपकी शिकायत आगे की कार्रवाई के लिए विमानन कंपनी को साझा की गई है।

### डीजीसीए ने विमानन कंपनियों को सख्त निर्देश दिए

बीते समय में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने टिकट रिफंड को लेकर एयरलाइंस को सख्त निर्देश दिए हैं। इसके बाद विमानन कंपनियों ने रिफंड की स्थिति में थोड़ा सुधार किया है। लेकिन अब उन यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है, जिनके टिकट ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों को ई-प्लेटफॉर्म के जरिए बुक कराए गए हैं। कंपनियां जो रकम काट रही हैं, उसका कोई आधार भी नहीं बताया जा रहा है।

## स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर पक्ष-विपक्ष में तकरार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मंगलवार को लोकसभा में पक्ष-विपक्ष के बीच तकरार हुई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रस्ताव का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि बिरला ने अपने कार्यकाल में कभी किसी के साथ पक्षपात नहीं किया। उन्होंने सांसदों को सदन में बोलने के सबसे अधिक अवसर दिए हैं और उनके नेतृत्व में संसद की कार्यप्रणाली में कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। रिजिजू ने कहा कि विपक्ष के कई सांसद भी इस प्रस्ताव से सहमत नहीं हैं। उनके अनुसार, 50 से अधिक विपक्षी सांसदों ने निजी तौर पर कहा है कि वे मजबूरी में इसका समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने विपक्ष पर इस मुद्दे को राजनीतिक रूप से भुनाने का आरोप लगाया। कांग्रेस बोली, सदन की मर्यादा बचाने को प्रस्ताव : कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर पक्षपात का आरोप दोहराते हुए कहा कि उन्हें हटाने का प्रस्ताव किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि सदन और संविधान की मर्यादा की रक्षा के लिए लाया गया है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि विपक्ष को यह कदम मजबूरी में उठाना पड़ा है। सदन में माइक का इस्तेमाल भी ह्यअस्त्रह्व की तरह किया जा रहा है। विपक्षी नेताओं को बोलने से रोकने के माइक बंद कर दिया जाता है।

## एनएचएआई ने टोल शुल्क के निर्धारण का काम पूरा किया

# देहरादून से दिल्ली एक दिन में आएंगे तो टोल कम लगेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली-देहरादून हाईवे पर टोल टैक्स लगाने की तैयारी जोरों से चल रही है। योजना के मुताबिक, एक दिन में दिल्ली से देहरादून आने-जाने में कम टोल लगेगा। अभी एक तरफ के 675 रुपये लग रहे हैं। जाते समय दोनों तरफ के टोले के पैसे देने पर 1010 रुपये ही लगेंगे। ऐसे में तीन सौ रुपये से ज्यादा की बचत होगी।

एनएचएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दो माह के भीतर टोल व्यवस्था लागू हो जाएगी। शुरुआती दौर में तीन माह के लिए एजेंसी को टोल टैक्स वसूली के लिए नियुक्त किया जाएगा। फिर लंबे वक्त के लिए दूसरी एजेंसी को यह जिम्मा सौंपा जाएगा।



### लागत 13 वर्षों में पूरी होगी

भारतमाला परियोजना के तहत बने इस हाईवे को दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर भी नाम दिया गया है। यह करीब 213 किलोमीटर का है। इसके निर्माण में करीब 12 हजार करोड़ रुपये की लागत आई है। एनएचएआई का अनुमान है कि इस हाईवे के टोल टैक्स से सालाना करीब 900 करोड़ रुपये से अधिक की आय होगी। इस लिहाज से करीब 13 वर्षों में हाईवे की लागत टोल टैक्स से वसूल हो जाएगी।

एनएचएआई की मानें तो दिल्ली-देहरादून हाईवे पर 71 प्रतिशत कारें दौड़ेंगी। ऐसे में कार चालकों से आय अधिक प्राप्त होगी। निर्माण में इस्तेमाल होने वाले भारी वाहन व मल्टी एक्सेल वाहनों से 11 प्रतिशत, बस व ट्रक से 11 प्रतिशत, तीन एक्सेल कॉमर्शियल वाहनों से चार प्रतिशत और हल्के कॉमर्शियल वाहनों व मिनी बस से तीन प्रतिशत आय का अनुमान है।

### धमाकों और धमकियों के बीच शांति-सुरक्षा के प्रयास भी जारी

# ट्रंप बोले- हॉर्मुज में किसी तरह की बाधा स्वीकार नहीं, भारी बमों से तबाही को बढ़ाना चाहता है ईरान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन/तेहरान/तेलअवीव

अमेरिका और इजरायल की ईरान पर बमबारी जारी है। ईरान भी ताबड़तोड़ मिसाइलें दाग रहा है। भीषण होती जंग के साथ सुलह और शांति की आवाजें भी उठ रही हैं। हालांकि दोनों पक्षों के तेवरों में कोई कमी नहीं आई है। ईरान ने कहा कि वह अब ऐसी मिसाइलों का इस्तेमाल करेगा जिनका वजन एक हजार किलो होगा। वहीं ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अमेरिका ईरान पर बीस गुना ज्यादा ताकत से हमला करेगा।

ट्रंप बोले, ईरान पर बीस गुना ताकत से हमला करेंगे : अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर ईरान ने स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज के जरिए तेल की आवाजाही रोकने की कोशिश की तो अमेरिका उससे बीस गुना ज्यादा कठोर सैन्य कार्रवाई करेगा।

ट्रंप ने कहा कि अगर इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को नुकसान पहुंचाया गया तो अमेरिकी प्रतिक्रिया पहले की किसी भी कार्रवाई से कहीं ज्यादा तेज होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर ईरान स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज के भीतर तेल के प्रवाह को रोकने के लिए कुछ भी करता है तो संयुक्त राज्य अमेरिका उसे अब तक जितना नुकसान हुआ है उससे बीस गुना ज्यादा कड़ी चोट पहुंचाएगा। उन्होंने संकेत दिया कि ये हमले इतने विनाशकारी हो सकते हैं कि ईरान के लिए राष्ट्र के रूप में फिर से संभलना मुश्किल होगा। ट्रंप ने कहा कि ईरान अगर मनमानी करता है तो उसपर मौत, आग और तबाही बरसेगी। मैं उम्मीद और प्रार्थना करता हूं कि ऐसा न हो। उन्होंने कहा कि इस मामले में अमेरिका का कड़ा रूख अंतरराष्ट्रीय व्यापार की सुरक्षा के लिए उठाया गया ठोस कदम है।

### ईरान एक हजार किलोग्राम वजनी बम बरसाएगा

जंग के बीच ईरान ने कहा है कि वे अपने दुश्मन पर एक हजार किलोग्राम से अधिक वजन का बम बरसाएगा। ईरानी सेना के ब्रिगेडियर जनरल माजिद मौसवी ने कहा दुश्मन को पूरी तरह तबाह करने के लिए सेना ने इस रणनीति को अपनाने का फैसला किया है। इसका उद्देश्य तबाही के मंजर का दायरा बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि ईरानी सेना ने मध्यपूर्व में अमेरिकी बेस के साथ इजरायल के सैन्य ठिकानों को घातक विस्फोटकों के जरिए बुरी तरह तबाह किया है।

### घर छोड़कर भाग रहे ईरानी

उधर, जंग के बढ़ते दायरे को देख ईरान के कई शहरों से लोग घर छोड़कर भागने लगे हैं। परिवार के साथ भाग रहे लोग दूसरे देशों में शरण ले रहे हैं। लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि लोगों के पास खाने-पीने की जरूरी चीजों का संकट हो गया है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि जंग के दूसरे दिन तक एक लाख लोग तेहरान छोड़ चुके हैं।

## स्थिति बिगड़ रही, सैन्य कार्रवाई तुरंत रोकें : चीन

बीजिंग। चीन ने अमेरिका-इजरायल और ईरान जंग के बीच तत्काल सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल्लतीफ बिन राशिद अल जयानी से फोन पर बातचीत की। बहरीन के विदेश मंत्रालय ने एक्स पर बताया कि सबसे पहली प्राथमिकता यह है कि सैन्य अभियानों को तुरंत रोका जाए, ताकि संघर्ष और अधिक न फैले। उधर, चीन ने कहा कि बहरीन हमेशा शांति को महत्व देता है और उस पर अवैध हमले नहीं होने चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि बहरीन में मौजूद चीनी नागरिकों और संस्थानों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जाते रहेंगे।

उधर, चीन के साथ पाकिस्तान ने भी मंगलवार को पश्चिम एशिया में तनाव कम करने का आह्वान किया। दोनों देशों ने मतभेदों को दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के अनुसार संवाद और कूटनीति का सहारा लेने की आवश्यकता पर जोर दिया। पाक विदेश मंत्री इसहाक डार ने वांग यी के साथ टेलीफोन पर बातचीत की।

### सबका सम्मान हो

वांग यी ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र की स्थिति तेजी से बिगड़ रही है। चीन का रुख स्पष्ट है। सभी देशों की संप्रभुता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। विवाद के स्थायी समाधान के लिए सभी पक्षों को अंतरराष्ट्रीय कानून और संबंधों के सिद्धांतों का पालन करना होगा।

## ईरान जंग से थाईलैंड में लिफ्ट के इस्तेमाल पर रोक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ थाईलैंड

ईरान जंग का असर अब एशिया के कई देशों में दिखाई देने लगा है। तेल और गैस की सप्लाई प्रभावित होने के कारण कम से कम 9 एशियाई देशों में ऊर्जा संकट गहराने लगा है। हालात ऐसे हैं कि अलग-अलग देशों को ईंधन बचाने और ऊर्जा संकट से निपटने के लिए सख्त कदम उठाने पड़े हैं। थाईलैंड ने सरकारी दफ्तरों में लिफ्ट के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है और कर्मचारियों को सीढ़ियों का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कर्मचारियों को सूट-टाई जैसे औपचारिक कपड़े पहनने से भी मना किया गया है, ताकि एयर कंडीशनर के इस्तेमाल को कम किया जा सके। दूसरी ओर पाकिस्तान में खर्च कम करने के लिए मंत्रियों की सैलरी और विदेश यात्राओं पर रोक लगा दी गई है, साथ ही सरकारी खर्च और ईंधन उपयोग में कटौती के फैसले लिए गए हैं। दरअसल ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच जंग की वजह से होर्मुज स्ट्रेट बंद है, इसके चलते तेल की सप्लाई ठप्प हो गई है।

# ईरान पर पहली मिसाइल गिरने से पहले ही चीनी कंपनी ने दी थी हमले की जानकारी

## सैटेलाइट से अमेरिकी लोकेशन ट्रैक कर रहा था चीन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बीजिंग

28 फरवरी को ईरान पर पहली मिसाइल चलने से पहले ही चीनी सोशल मीडिया पर संकेत मिलने लगे थे कि अमेरिका बड़ा हमला करने की तैयारी कर रहा है। इंटरनेट पर अमेरिकी सैन्य तैयारियों से जुड़ी सैटेलाइट तस्वीरें तेजी से फैलने लगी थीं।

इन तस्वीरों में रनवे पर खड़े लड़ाकू विमान, रेगिस्तानी एयरफील्ड पर उतरते ट्रांसपोर्ट प्लेन और भूमध्यसागर में किसी विमानवाहक पोत के डेक पर तैनात फाइटर जेट दिखाई दे रहे थे। इन तस्वीरों की खास बात यह थी कि इनमें असामान्य रूप से बहुत ज्यादा जानकारी दी गई थी, और यह जानकारी अंग्रेजी में नहीं बल्कि मंदारिन (चीनी भाषा) में लिखी हुई थी। तस्वीरों में अलग-अलग विमानों के नाम बताए गए थे, मिसाइल रक्षा सिस्टम को साफ तौर पर चिन्हित किया गया था और सैनिकों की तैनाती को सटीक लोकेशन के साथ दिखाया गया था। इन सैटेलाइट तस्वीरों को एक चीनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ने ऑनलाइन साझा किया था। एक तस्वीर में इजराइल के ओवदा एयर बेस पर लॉकहीड मार्टिन के F-22 स्टेल्थ फाइटर खड़े दिखाई दे रहे थे। दूसरी तस्वीर में सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर विमानों और सपोर्ट सिस्टम की बढ़ती तैनाती दिखाई गई थी।

इसके अलावा कतर, जॉर्डन और बहरीन में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी नक्शे पर चिन्हित किया गया था। ये सभी तस्वीरें शंघाई स्थित जियोस्पेशियल इंटेलिजेंस कंपनी मिजार विजन ने साझा की थीं, जिसमें 200 से भी कम कर्मचारी काम करते हैं।

### सभी तस्वीरें सैटेलाइट कंपनी मिजार विजन ने जारी कीं

28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ऑपरेशन एपिक फ्यूरीह के तहत ईरान पर हवाई हमले शुरू किए। इसके जवाब में तेहरान ने मिसाइल और ड्रोन हमले किए।

लेकिन इस संघर्ष के बीच एक और चीज समानांतर रूप से चल रही थी। इंटरनेट पर लगातार सैटेलाइट तस्वीरें सामने आ रही थीं, जिनमें अमेरिकी विमानों, मिसाइल रक्षा सिस्टम और नौसैनिक गतिविधियों को दिखाया जा रहा था। ये सभी तस्वीरें शंघाई स्थित जियोस्पेशियल इंटेलिजेंस कंपनी मिजार विजन द्वारा साझा की जा रही थीं। बताया जाता है कि पहली बड़ी तस्वीरों का सेट 20 फरवरी के आसपास सामने आया था। मिजार विजन ने हाई-रेजोल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरों का एक संग्रह जारी किया, जिसमें दक्षिणी इजराइल के ओवदा एयर बेस पर अमेरिकी विमानों की तैनाती, सऊदी अरब और कतर समेत मिडिल ईस्ट के कई देशों में फाइटर जेट की मौजूदगी, अरब सागर में नौसैनिक गतिविधियां और विमानवाहक पोतों की आवाजाही दिखाई गई।

## डोनाल्ड ट्रंप और पुतिन ने एक घंटे तक बातचीत की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मॉस्को

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार देर रात रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को फोन कर बातचीत की। दोनों नेताओं के बीच ये बातचीत ऐसे समय हुई जंग के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है और स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज लगभग बंद होने की स्थिति में है। क्रेमलिन ने बताया दोनों नेताओं ने करीब एक घंटे फोन पर बात की। इस दौरान अमेरिका-ईरान संघर्ष और रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध पर चर्चा हुई। बातचीत का फोकस ईरान का संघर्ष और मॉस्को, वॉशिंगटन और कीव के बीच होने वाली त्रिपक्षीय वार्ता थी जिसका उद्देश्य संघर्ष का समाधान ढूंढना है। रूसी मीडिया के अनुसार पुतिन ने ईरान संघर्ष पर अपने विचार साझा किए और पिछले हफ्ते खाड़ी देशों के नेताओं तथा ईरान के साथ हुई बातचीत की जानकारी ट्रंप को दी है।

**मुजतबा की नियुक्ति से नाखुश :** मुजतबा खामेनेई को ईरान का सर्वोच्च नेता चुने जाने के बाद ट्रंप ने कहा है कि वे इस नियुक्ति से नाखुश हैं। मालूम हो कि ट्रंप ने नियुक्ति से पहले कहा था कि इस पद पर अगर बिना अमेरिकी के अनुमति के कोई पद पर बैठता है तो वो बहुत लंबे समय तक जीवित नहीं रहेगा।

### साझेदारों को तेल देता रहेगा रूस

पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच पुतिन ने कहा है कि वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। पुतिन ने कहा, संघर्ष से खाड़ी क्षेत्र में तेल उत्पादन रुक सकता है और तेल की कीमतों में बड़ा बदलाव दिख सकता है। मॉस्को एक भरोसेमंद ऊर्जा आपूर्तिकर्ता बना रहेगा और उन देशों को तेल-गैस देता रहेगा जिन्हें वह विश्वसनीय साझेदार मानता है।

## एआई के आने से बदल रहा युद्ध का चेहरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दावा किया जा रहा है कि एंथ्रोपिक कंपनी का एआई मॉडल क्लाउड पश्चिम एशिया के युद्ध में अमेरिकी सेना की हमलों को अधिक सटीक बनाने में मदद कर रहा है। इससे यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब मारने वाली मशीनों में बदल रही है। यह बड़ी टेक कंपनियों द्वारा किए गए वादों के खिलाफ माना जा रहा है। ऐसे में यह घटना दुनिया भर में एआई से जुड़ी नीतियों के लिए एक बड़ा मोड़ साबित हो सकती है।

### अमेरिका ने इस तरह किया इस्तेमाल

अमेरिकी सुरक्षा शोध संस्था सौफान केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी युद्ध विभाग (पहले रक्षा विभाग) ने ईरान पर किए गए हमलों के दौरान एआई मॉडल क्लाउड का उपयोग किया। यह एआई पलान्टिर के युद्धक्षेत्र खुफिया सिस्टम मावेन स्मार्ट सिस्टम में शामिल था, जिसकी मदद से हमलों के लिए सटीक लक्ष्यों की पहचान की गई। इस अभियान को ऑपरेशन एपिक फ्यूरी कहा गया। एआई का इस्तेमाल युद्धक्षेत्र की स्थितियों और रणनीतियों का अभ्यास करने के लिए भी किया गया। इसी बीच, अमेरिकी रक्षा विभाग ने एक अन्य एआई कंपनी ओपनएआई के साथ भी समझौता किया, ताकि भविष्य के संघर्षों में उसके जीपीटी मॉडल का उपयोग किया जा सके। हालांकि यह साफ नहीं है कि जीपीटी मॉडल पहले से युद्ध में इस्तेमाल हो रहे हैं या नहीं, क्योंकि युद्ध से जुड़ी कई तकनीकें और उपकरण गोपनीय रखे जाते हैं।


### युद्धक्षेत्र में पहला प्रयोग


पहले भी गाइडेड मिसाइलों और ड्रोन में मशीन लर्निंग, ऑब्जेक्ट रिकग्निशन और कंप्यूटर विजन जैसी तकनीकों का उपयोग किया जाता रहा है। लेकिन अब आलोचना इसलिए बढ़ी है क्योंकि नए एआई मॉडल बहुत तेजी से जटिल पैटर्न पहचान सकते हैं और वास्तविक दुनिया में रणनीतिक कमजोरियों को भी ढूंढ सकते हैं।

### एआई नीतियों पर असर

विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि एआई मॉडल बनाने वाली टेक कंपनियों का ऑडिट किया जाना चाहिए। इसके लिए वैश्विक स्तर पर बाध्यकारी नियम बनाए जाने चाहिए।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. खटपट, ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमल, लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड, दम, शामन-3
9. धरा, भूमि-3
11. शासन व्यवस्था, रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया, करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि, देवमुनि-3
20. सब्जी, भाजी-4
22. कुएं पर पानी भरने का चबूतरा-4

### ऊपर से नीचे

1. गुनाह, दोष, जुर्म-3
2. अपराधमुक्त, निवृत्त-2
3. सौत, दूसरी स्त्री-3
4. होशियार, गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद, तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह, भवन-3
21. जीवन, जीव, स्फूर्ति-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 5 | | 5 | | 5 | | 5 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 2 | | 2 | | 10 | = | 10 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 10 | | 41 | | 2 | | 16 | = | 33 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ट | र | प | ट | र | थि | क | र | प | इ |
| न | ग | क | म | ई | ढे | ने | ह | ति | म | श्त |
| अ | दा | आ | ई | र | र | अं | मा | ह | प | फ |
| हु | ग | ल | मा | ज | दा | स | रा | ह | इ | र |
| ब | कम | अ | बु | म | ति | क | र | क | ते | मा |
| द | अ | कि | र | क | दा | क | वि | ईं | श | न |
| स | मा | दे | श | व | था | र | त | म | क | ग |
| आ | दे | श | र | न | प | य | रा | घु | ग | ला |
| अ | दि | ल | या | ले | दा | र | जा | म | वी | दे |
| र | ज | ति | मा | हि | द | ह | ज | द | ल | र |
| थां | र | ल | प | रु | इ | जा | ज | त | र | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 1 | | 2 | |
| 3 | 29 | 6 | 37 | | 31 | 1 |
| | 2 | | | 5 | 6 | |
| 5 | 30 | 1 | 30 | 4 | 31 | 6 |
| | 6 | | | | 3 | 2 |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| | 1 | | 5 | | 4 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

डाकू- तुमने मुझे देखा
कलर्क- हां
डाकू ने क्लर्क को गोली मारकर एक आदमी से पूछा- तुमने कुछ देखा...
आदमी- नहीं, पर मेरी पत्नी ने देखा है, साथ में कह रही है पुलिस को भी बताएगी...

0000000000000

एक व्यक्ति दारु पी कर कार चला रहा था कार एक खम्भे से टकरा गई
पुलिस : बाहर निकल
व्यक्ति : माफ कर दो साहब जी
पुलिस : दारू पी के गाड़ी चलाता है,
व्यक्ति : अरे नहीं साहब पहले से खूब पी रखी है और कितना पिलाओगे...

00000000

पप्पू समोसे को खोलकर अंदर का मसाला ही खा रहा था।
संजू- अरे ! तू पूरा समोसा क्यों नहीं खा रहा?
पप्पू- अरे मैं बीमार हूं न...
इसलिए डॉक्टर ने बहार की चीज खाने से मना किया है।

00000000

सोनू बहुत दुखी था... किसी ने पूछा क्यों टेंशन में हो...
सोनू- यार एक दोस्त को प्लास्टिक सर्जरी के लिए 2 लाख रुपए उधार दिए थे। अब उसे पहचान नहीं पा रहा हूं...।

00000000

पत्नी- शादी से पहले तुम मुझे होटल, सिनेमा और न जाने कहां-कहां घुमाते थे... शादी के बाद नहीं ले जाते...
पति- चुनाव के बाद प्रचार देखा है...

00000

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# मध्यप्रदेश में कमर्शियल गैस संकट, कई शहरों में बुकिंग बंद

## ईरान-इजराइल युद्ध का असर, भोपाल-इंदौर समेत कई शहरों में होटल-रेस्टोरेंट बंद होने का खतरा

**ईरान-इजराइल युद्ध के बीच एलपीजी सप्लाई को लेकर मध्यप्रदेश में सतर्कता बढ़ गई है। कई शहरों में कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई रोक दी गई है, जिससे होटल-रेस्टोरेंट और छोटे व्यवसायों पर असर पड़ने की आशंका है। राजधानी भोपाल में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने ऑयल कंपनियों, गैस एजेंसियों और व्यापार संगठनों की बैठक बुलाई। वहीं भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कहा कि कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से शहर के 2000 से ज्यादा होटल-रेस्टोरेंट संकट में आ सकते हैं। ऑयल कंपनियों ने सोमवार से कमर्शियल सिलेंडर की डिलीवरी रोक दी है। हालांकि सरकार का कहना है कि घरेलू गैस और पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य है और घबराने की जरूरत नहीं है।**

### प्रदेश सरकार का दावा सप्लाई सामान्य, घबराने की जरूरत नहीं

**कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पेट्रोल-डीजल और गैस की उपलब्धता की निगरानी के निर्देश दिए। मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि प्रदेश में पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त स्टॉक है और घरेलू गैस की सप्लाई सामान्य है। सरकार ने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से बचने और अधिकृत जानकारी पर ही भरोसा करने की अपील की है।**

### इंदौर: कमर्शियल सप्लाई बंद, होटल में अभी संकट नहीं

इंदौर में भी कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद कर दी गई है। घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी 4-5 दिन में हो रही है। इंदौर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित सूरी के अनुसार अभी शहर में होटल इंडस्ट्री को कोई बड़ा संकट नहीं आया है, लेकिन आने वाले दिनों में परेशानी हो सकती है। होटल संचालकों ने इस मुद्दे पर बैठक बुलाई है और मुख्यमंत्री से मुलाकात की तैयारी भी है।

### उज्जैन: रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर

उज्जैन में भी दो दिन से कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। कलेक्टर रोशन सिंह के अनुसार फिलहाल कमर्शियल सिलेंडर सिर्फ अस्पताल और स्कूलों को दिए जा रहे हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग अब 25 दिन बाद ही हो सकेगी और डिलीवरी में 5-7 दिन लग सकते हैं। एजेंसियों के अनुसार पैनिक में लोग बड़ी संख्या में बुकिंग करा रहे हैं।



### घरेलू सिलेंडर बुकिंग के नियम बदले



- अब घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग में भी बदलाव किया गया है।
- पहले 20 दिन में बुकिंग होती थी, अब 25 दिन बाद होगी।
- महीने में एक से ज्यादा सिलेंडर नहीं मिलेगा।
- बुकिंग रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से ही होगी।

### कलेक्टरों को निर्देश: एलपीजी की जमाखोरी रोकें

प्रदेश में एलपीजी की उपलब्धता को लेकर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टरों से कहा गया है कि वे जिला स्तर पर खाद्य विभाग, ऑयल कंपनियों और गैस वितरकों के साथ नियमित बैठक कर घरेलू व कमर्शियल सिलेंडरों के स्टॉक और आपूर्ति की समीक्षा करें।

इसके साथ ही बड़े व्यावसायिक उपभोक्ताओं जैसे होटल, मॉल और फैक्ट्री संचालकों के साथ बैठक कर छढऋ का विवेकपूर्ण उपयोग करने और वैकल्पिक ईंधन अपनाने की सलाह दें। यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि कहीं भी एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी या कालाबाजारी की स्थिति न बने। घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सप्लाई प्राथमिकता से उपलब्ध कराई जाए।

### डिप्टी सीएम की अध्यक्षता में 3 मंत्रियों की बनी कमेटी

मध्य प्रदेश सरकार ने डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय मंत्रिमंडलीय समिति का गठन भी पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता और निगरानी के लिए कर दिया है। इस समिति में डिप्टी सीएम देवड़ा के अलावा खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप शामिल किए हैं। समिति के सदस्य अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग रश्मि अरुण शमी होंगी। यह समिति आवश्यकतानुसार बैठक कर केंद्र सरकार से मिलने वाले निर्देशों के आधार पर नागरिकों के हित में किए जाने वाले उपायों की समीक्षा करेगी।

### भोपाल: 2000 होटल संकट में, कलेक्टर ने बुलाई बैठक

भोपाल में कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई रुकने से होटल-रेस्टोरेंट और कैटरिंग कारोबार प्रभावित होने की आशंका है। भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष गोविंद गोयल और मंत्री अजय देवनानी ने प्रशासन को बताया कि शहर के 2000 से ज्यादा होटल-रेस्टोरेंट कमर्शियल गैस पर निर्भर हैं।

शादियों के सीजन में एक बड़े होटल में एक बार में 10-15 सिलेंडर और छोटे होटल में 2-4 सिलेंडर तक इस्तेमाल होते हैं। अभी कुछ जगह स्टॉक बचा है, लेकिन दो दिन में खत्म होने की आशंका है। सराफा एसोसिएशन के मुताबिक गैस संकट का असर सोना-चांदी के करीब 3 हजार कारीगरों पर भी पड़ सकता है, जिन्हें रोज करीब 300 सिलेंडर की जरूरत होती है। कलेक्टर ने बैठक में जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

**नर्मदापुरम:** कमर्शियल सिलेंडर मिलना बंद हो गया है और घरेलू गैस की बुकिंग अब 25 दिन बाद ही हो रही है। सर्वर समस्या के कारण कई बार बुकिंग भी नहीं हो पा रही। बुकिंग के बाद डिलीवरी में 5-6 दिन का समय लग रहा है।

**सागर:** घरेलू गैस की सप्लाई फिलहाल सामान्य है और उपभोक्ताओं को बुकिंग के 2-3 दिन में सिलेंडर मिल रहा है। हालांकि प्लांट से कमर्शियल गैस की सप्लाई बंद होने के कारण एजेंसियों ने उसकी बुकिंग रोक दी है।

### प्रदेश में रोज इतनी सप्लाई



- **भोपाल:** करीब 15 हजार सिलेंडर रोज
- **इंदौर:** करीब 25 हजार
- **जबलपुर:** 20-25 हजार
- **ग्वालियर:** करीब 20 हजार
- **सागर:** 6-8 हजार
- **छोटे जिलों में:** 2 हजार तक रोज

*(एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अनुसार मध्यप्रदेश में सवा करोड़ से ज्यादा उपभोक्ता हैं।)*

### ग्वालियर: बुकिंग बंद, सिर्फ इमरजेंसी सेवाओं को छूट

ग्वालियर में कमर्शियल गैस सिलेंडर की बुकिंग पूरी तरह बंद कर दी गई है। ग्वालियर-चंबल एलपीजी फेडरेशन के अनुसार फिलहाल सिर्फ हॉस्पिटल और इमरजेंसी सेवाओं को ही सिलेंडर दिए जा रहे हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी में 5 से 6 दिन का समय लग रहा है। होटल-रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि गैस नहीं मिलने पर कारोबार प्रभावित होगा। कई संचालक इंडक्शन चूल्हे का विकल्प भी तलाश रहे हैं।

### जबलपुर: होटल इंडस्ट्री पर असर शुरू

जबलपुर में होटल और रेस्टोरेंट संचालकों ने गैस सप्लाई कम होने की बात कही है। होटल अरिहंत पैलेस के संचालक राजेश जैन का कहना है कि सरकार ने इंडस्ट्रियल और कमर्शियल सेक्टर में सप्लाई सीमित कर दी है, जिससे होटल व्यवसाय प्रभावित हो सकता है। होटल संचालक शुभम गुप्ता ने बताया कि एजेंसी से सिलेंडर लेने पहुंचे तो उन्हें सिलेंडर नहीं मिला।

### प्रदेश के बाकी शहरों में यह स्थिति

**छिंदवाड़ा:** कमर्शियल सिलेंडर की बुकिंग और सप्लाई बंद कर दी गई है, जिससे होटल और अन्य व्यवसाय प्रभावित होने की आशंका है। हालांकि घरेलू गैस का स्टॉक उपलब्ध है और बुकिंग के बाद 4-5 दिन में डिलीवरी हो रही है। बुकिंग के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है।

**रतलाम:** गैस बुकिंग में तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं। ऑनलाइन नंबर से बुकिंग बंद बताई जा रही है और सर्वर समस्या सामने आई है। कुछ उपभोक्ता डिजिटल माध्यम से बुकिंग करा पा रहे हैं, जिनकी डिलीवरी करीब तीन दिन में हो रही है, जबकि कमर्शियल सिलेंडर की बुकिंग बंद है।



■ वर्ष-12 अंक-126 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 11 मार्च, 2026

## सुभाषितानि

**सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते।**
**मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते।।**

**भावार्थ** : धर्म की रक्षा सत्य से, ज्ञान की साधना से, रूप-स्वच्छता से और परिवार की रक्षा आचरण से होती है।

**धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः।**
**तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्मो हतोऽवधीत्।।**

**भावार्थ** : मृत धर्म मारने वाले को नष्ट कर देता है, और संरक्षित धर्म उद्धारकर्ता की रक्षा करता है। इसलिए कभी भी धर्म का उल्लंघन न करें, इस डर से कि कहीं मारे गए धर्म हमें कभी न मारें।


## सम्पादकीयम्

### भाजपा-कांग्रेस गठबंधन

महाराष्ट्रस्य नागरिकनिर्वाचने सत्तायाः इच्छा विचारधारायां व्याप्तवती अस्ति। अम्बर्नाथ-अकोट्-नगरयोः इखाद-काङ्ग्रेस-इखाद-अकटकाट्-सङ्घटन-इत्यादीनां अप्रत्याशित-गठबन्धनानां कारणेन राजनैतिक-वृत्तेषु हलचलः उत्पन्नः अस्ति। एतेषु गठबन्धनेषु सत्ताधारीपक्षस्य मित्रराष्ट्रानां मध्ये प्रचलति असहमतिः जनसमूहस्य प्रतीयमानं विश्वासघातं च प्रकाशितम् अस्ति। भाजपा-कांग्रेस गठबंधन यदा कदापि कोऽपि प्रमुखः राजनैतिक-उत्थानः भवति तदा तत्क्षणमेव एषा उक्तिः उच्यते यत राजनीतिः संभावनानां क्रीडा अस्ति, तत्र स्थायिमित्राः शत्रवः वा नास्ति। परन्तु महाराष्ट्रस्य नागरिकनिर्वाचने सत्तायाः इच्छायाः कारणेन निर्मिताः सम्भावनाः वरिष्ठतमानां विशेषज्ञानाम् अपि आश्चर्यं जनयन्ति। इखाद-काङ्ग्रेस-इखाद-अकटकाट्-सङ्घटनं संक्षेपेण एव अभवत् स्यात्, परन्तु तेषां सिद्धं यत अद्यतनराजनीत्यां विचारधारापेक्षया सत्ता अधिका महत्त्वपूर्णा अस्ति। अम्बर्नाथ-अकोट्-नगरपालिकायोः इति द्वयोः स्थानयोः अस्य उत्थानस्य साक्षी अभवत्। अम्बरनाथ-नगरे एकनाथशिण्डे-शिवसेना-इत्यस्य सत्तायाः बहिः स्थापनार्थं इखाद-काङ्ग्रेस-अजित-पवारयोः गुटेन अम्बरनाथ-विकास-अघाडी-इत्यस्य निमार्णं कृतम्। अकोट्-नगरे इखाद-अकोट्-सङ्घः मिलितवन्तौ। महाराष्ट्रस्य मुख्यमन्त्री देवेन्द्र फडणवीसः अप्रसन्नतां प्रकटितवान्।

#### अमेरिकी-ईरान-युद्धस्य मध्यं एयर इण्डिया-संस्था ईंधन

# अतिभारं वर्धयति, विमान भाडा-वृद्धेः सज्जतां करोति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

पश्चिम एशियायां वर्धमानः तनावः, अमेरिका-इरान्-देशयोः मध्ये प्रचलति संघर्षः च अधुना सामान्ययात्रिकाणां जेबं प्रभावितं करोति। देशस्य प्रमुखविमानसेवा एयर इण्डिया इत्यनेन मंगलवासरे घोषितं यत् सः स्वस्य आन्तरिक-अन्तर्राष्ट्रीय-विमानयानेषु ईंधन-अतिरिक्तशुल्कं वर्धयिष्यति। खाड़ीक्षेत्रे प्रचलति भूराजनीतिकसंकटस्य कारणेन जेट्-इन्धनस्य मूल्येषु तीव्रवृद्धिः अभवत्, येन एषः निर्णयः अभवत् इति कम्पनी अवदत् एतस्य निर्णयस्य अनन्तरं आगामिषु दिनेषु विमानभाडामूल्यानि वर्धन्ते इति अपेक्षा अस्ति।

एयर इण्डिया इत्यनेन जारीकृतस्य आधिकारिकवक्तव्यस्य अनुसारं कम्पनी एकैकं वृद्धिं न कृत्वा चरणबद्धरूपेण ईंधनस्य अधिभारं कार्यान्वयिष्यति। विमानसेवायाम् एतत् चरणीयविस्तारः इति वर्णितम् अस्ति, अर्थात् भिन्नमार्गेषु, दूरेषु च आधारेण अतिरिक्तशुल्कस्य क्रमिकवृद्धिः। कम्पनी कथयति यत् विगतसप्ताहेषु जेट्-इन्धनस्य मूल्येषु अप्रत्याशितरूपेण वृद्धिः अभवत्, येन विमानसेवानां परिचालनव्ययस्य प्रत्यक्षः प्रभावः अभवत्।

एयर इण्डिया-अधिकारिणां मते पश्चिम-एशिया-देशे प्रचलति सैन्य-सङ्घर्षस्य कारणेन अनेकेषु प्रमुखेषु तैल-आपूर्ति-आधारेषु आक्रमणानि अभवन्। एतेषां आक्रमणानां उत्पादनं प्रभावितं जातम्, वैश्विकविपण्ये कच्चे तैलस्य उपलब्धतायाः विषये अनिश्चितता च वर्धिता अस्ति। अपि च खाड़ीक्षेत्रे अनेके व्यापारमार्गाः प्रभाविताः सन्ति, येन तैलस्य आपूर्तिशृङ्खला बाधिता अस्ति। फलतः अन्तर्राष्ट्रीयविपण्ये ऊर्जामूल्यानि निरन्तरं वर्धन्ते।

होर्मुज्-जलसन्धिं परितः संकटेन स्थितिः अधिका भवति। अयं समुद्रमार्गः विश्वस्य महत्त्वपूर्णेषु तैलयानमार्गेषु अन्यतमः इति मन्यते। खाड़ीदेशेभ्यः कच्चे तैलस्य बृहत् भागः अस्मिन् मार्गेण अन्तर्राष्ट्रीयविपण्यं प्राप्नोति। परन्तु अद्यतनतनावैः अस्मिन् क्षेत्रे जहाजयानं बाधितं जातम्, येन वैश्विकतैलस्य आपूर्तिः प्रभाविता अस्ति। यदि एषा स्थितिः दीर्घकालं यावत् तिष्ठति तर्हि ऊर्जायाः मूल्येषु अधिकं वृद्धिः भवितुम् अर्हति इति विशेषज्ञाः वदन्ति। ऊर्जाविपण्यविशेषज्ञानाम् अनुसारं विगतसप्ताहद्वये जेट्-इन्धनस्य मूल्येषु महती वृद्धिः अभवत्।

#### मन्त्रालयस्य अधिकारिणः

## वदन्ति यत् एषा उपक्रमः केवलं प्रतिबिम्बनिमार्णे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

केषुचित् स्थानेषु पुलिसैः ट्विट्टर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम, यूट्यूब इत्येतयोः माध्यमेन द्रुतगत्या शिकायतनिवारणं, यातायातस्य अद्यतनीकरणं, आपदाप्रबन्धनसूचना, जनजागरण-अभियानं च कार्यान्वितम् अस्ति अधुना मन्त्रालयः इच्छति यत् एतादृशाः प्रयासाः देशे सर्वत्र संस्थागताः भवेयुः न तु व्यक्तिगतपरिकल्पनेषु एव सीमिताः न भवेयुः।

मन्त्रालयस्य अधिकारिणः वदन्ति यत् एषा उपक्रमः केवलं प्रतिबिम्बनिमार्णे एव सीमितः नास्ति अपितु उत्तरदायित्वं पारदर्शितां च प्रवर्धयिष्यति। यदा पुलिस सार्वजनिकरूपेण स्वकार्यस्य सूचनां ददाति तदा पुलिसस्थानस्तरस्य के के प्रयत्नाः क्रियन्ते इति जनसामान्यं ज्ञातुं सुकरं भविष्यति। तदतिरिक्तं, एषा प्रणाली अधिकारिणः नवीनतायां जनकल्याणकार्ये च अधिकं ध्यानं दातुं प्रोत्साहयिष्यति, यतः तेषां कार्यस्य मूल्याङ्कनं प्रचारं च भविष्यति।

परन्तु केचन विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् अस्य उपक्रमस्य सफलकार्यन्वयनार्थं प्रशिक्षणस्य, संसाधनस्य च आवश्यकता भविष्यति। ग्रामीणेषु दूरस्थेषु च क्षेत्रेषु बहवः पुलिसस्थानकेषु सामाजिकमाध्यमप्रबन्धनार्थं पर्याप्तं तकनीकीसंरचना अथवा प्रशिक्षितकर्मचारिणां अभावः अस्ति। अतः राज्येभ्यः आवश्यकं तकनीकीसमर्थनं प्रशिक्षणं च मन्त्रालयस्य कृते महत्त्वपूर्णं भविष्यति। रिपोर्टिंग प्रारूपे तृणमूलविषयाणां पहिचानाय, सम्बोधनाय च आव्हानानां, सहकार्यस्य आवश्यकतानां च उल्लेखः अन्तर्भवति। सामाजिकमाध्यमेषु सक्रियतायां सावधानी अत्यावश्यकी इति सुरक्षाविशेषज्ञाः अपि बोधयन्ति।

## महत्त्वपूर्णविकेट् गृहीत्वा कीवी-दलस्य पृष्ठं भग्नवन्तौ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

अस्य मेलस्य अन्तिमपदे न्यूजीलैण्ड्-देशस्य विजयः प्रायः असम्भवः अभवत्। भारतीयगेन्दबाजाः विकेट् गृह्णन्ति स्म, येन कीवी-दलस्य लक्ष्यात् दूरं न्यूनं भवति स्म। अन्ततः न्यूजीलैण्ड्-देशस्य सम्पूर्णं दलं निर्धारित-ओवर-क्रीडायाः पूर्वं बहिः कृतम्, भारतेन ९६-रन-पर्यन्तं गूञ्जमानं विजयं प्राप्तम्। अन्तिमविकेटस्य पतनमात्रेण नरेन्द्रमोदीक्रीडाङ्गणे उत्सवः उद्भूतः। भारतीयक्रीडकाः परस्परं आलिंग्य मैदानं प्रति धावित्वा एतस्य ऐतिहासिकस्य विजयस्य उत्सवं कृतवन्तः। प्रेक्षकाः अपि त्रिवर्णं क्षोभयन् उच्चैः जयजयकारं कृतवन्तः। एतेन विजयेन भारतं इतिहासे तृतीयं टी-२० विश्वकप-उपाधिं प्राप्तवान् अपि च क्रमशः द्विवारं विजयं प्राप्तवान् प्रथमः दलः अभवत्। सूर्यकुमारयादवस्य कप्तानत्वेन टीम इण्डिया सम्पूर्णे प्रतियोगितायां शानदारं प्रदर्शनं कृत्वा अन्तिमपक्षे अपि स्वस्य श्रेष्ठतां सिद्धवती।

## राशिफल

**मेष** : ऑफिस में किसी जरूरी काम की जिम्मेदारी मिल सकती है। पैसों के मामले में अनावश्यक खर्च से बचना बेहतर रहेगा।

**वृषभ** : खर्च पर थोड़ा ध्यान देना जरूरी होगा। परिवार के साथ समय अच्छा बीतेगा और पुराने मित्र से बातचीत भी हो सकती है।

**मिथुन** : परिवार के साथ समय बिताने से मन खुश रहेगा। सेहत के मामले में खानपान का ध्यान रखें।

**कर्क** : किसी बड़े खर्च से पहले सोच लेना बेहतर होगा। परिवार का साथ आपको मानसिक सुकून देगा।

**सिंह** : परिवार के साथ समय बिताने से मन को सुकून मिलेगा। सेहत के मामले में खानपान का ध्यान रखें।

**कन्या** : किसी दोस्त या परिचित से मुलाकात मन को खुश कर सकती है। सेहत सामान्य रहेगी, लेकिन थकान महसूस हो सकती है।

**तुला** : परिवार में खुशी का माहौल बना रह सकता है। सेहत सामान्य रहेगी। परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** : रिश्तों में मधुरता बनाए रखने की कोशिश करें। सेहत का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**धनु** : आर्थिक मामलों में स्थिति ठीक रह सकती है। परिवार के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा। सेहत सामान्य रहेगी।

**मकर** : परिवार का सहयोग आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। सेहत के मामले में लापरवाही न करें।

**कुंभ** : परिवार के साथ समय बिताने से मन हल्का महसूस करेगा। सेहत सामान्य रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। पर्याप्त पानी पिएं।

**मीन** : परिवार के साथ समय बिताने से मन खुश रहेगा। सेहत को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है।

### ज्योतिष/वास्तु

# 11 मार्च को गुरु होंगे मार्गी, जानिए कर्क, सिंह और कन्या राशि वालों पर कैसा पड़ेगा प्रभाव

11 मार्च 2026 को गुरु मिथुन राशि में रहते हुए मार्गी हो रहे हैं, जो 2 जून तक इसी राशि में रहेंगे, फिर इसके बाद अपनी स्वराशि कर्क में गोचर होंगे। गुरु के मार्गी होने के कारण कर्क, सिंह और कन्या राशि वालों पर कैसा प्रभाव पड़ेगा इसका ज्योतिषीय विश्लेषण करते हैं।

वैदिक ज्योतिष में देवगुरु का विशेष महत्व होता है। गुरु लगभग 13 महीनों तक किसी एक राशि में गोचर करते हैं, फिर इसके बाद दूसरी राशि में जाते हैं, इस दौरान गुरु समय-समय पर वक्री और मार्गी भी होते हैं। ज्योतिष में गुरु ग्रह को ज्ञान, धन, संतान, शिक्षा और विवाह का कारक ग्रह माना जाता है। आपको बता दें गुरु अभी मिथुन राशि में हैं और अब 11 मार्च 2026 को सुबह करीब 6 बजकर 17 मिनट पर मार्गी हों जाएंगे। गुरु की मार्गी चाल का विशेष प्रभाव सभी राशियों के जातकों ऊपर पड़ेगा। गुरु



2 जून तक मिथुन राशि में मार्गी रहेंगे फिर इसके बाद अपनी उच्च राशि कर्क में गोचर करें। ऐसे में आइए जानते हैं कर्क, सिंह और कन्या राशि वालों पर किस तरह का प्रभाव पड़ेगा इसका ज्योतिषीय विश्लेषण करते हैं।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए देवगुरु बृहस्पति छठे और नवम भाव के स्वामी होते हैं। जो अब 11 मार्च को मिथुन राशि में मार्गी होने के कारण यह आपके बारहवें भाव में होंगे। ऐसे में आपके कंधों पर काम का कुछ अतिरिक्त बोझ बढ़ सकता है। धन खर्चों में इजाफा देखने को मिलेगा। करियर-कारोबार में आपको इस दौरान मिलाजुला परिणाम मिलेगा। इस दौरान आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखना होगा। 12वें भाव में गुरु का होना आपके लिए विदेशी संपर्को का लाभ दिला सकता है। आपके लिए कुछ मामलों में अच्छे दिन की शुरूआत हो सकती है। इस दौरान आपको अपनी सेहत का विशेष ध्यान देना होगा।

**सिंह राशि –** सिंह राशि वालों के लिए देवगुरु बृहस्पति आपके पंचम और अष्टम भाव के स्वामी होकर 11 मार्च को मार्गी होने पर यह आपके 11वें भाव में रहेंगे। ऐसे में आपको अचानक धन प्राप्ति और अच्छे परिणाम की प्राप्ति होगी। आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। करियर में अच्छी सफलता के योग बन रहे हैं। आपके द्वारा किसी कार्यो में किए गए प्रयासों में मेहनत रंग लाएगी। इस दौरान जो काम आपके लिए लंबे समय से रुके हुए थे अब उनके पूरे होने की संभावना है। शुभ समाचार सुनने को मिल सकते हैं।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों के लिए गुरु चौथे और सातवें भाव के स्वामी होते हैं। 11 मार्च को गुरु का मिथुन राशि में मार्गी होना आपके लिए बहुत ही अच्छा और शानदार साबित हो सकता है। गुरु आपकी राशि से दशम भाव में मार्गी हुए हैं। ऐसे में आपको करियर से जुड़े मामलों में अच्छे परिणाम की प्राप्ति हो सकती है। इस दौरान आर्थिक स्थिति में बेहतर सुधार दिखाई देगा। भाग्य का अच्छा साथ मिलने से आपको खुशी हासिल हो सकती है। नौकरी में प्रमोशन और वेतन में वृद्धि के प्रबल योग हैं। आपके कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों संग बेहतर और अच्छे संबंध मजबूत होंगे।

## खबर एक नजर...

### ऊंट ने दांतों से चबाया 19 साल की युवती का सिर

**उज्जैन।** राजस्थान के पाल से गडरियों का एक दल भेडे और ऊंट लेकर जिले में आया हुआ है। गडरियों ने अपना डेरा ग्राम खरसौदकलां में लगा रखा है। बीती शाम डेर में मौजूद युवती रिंकूबाई पिता बहादुर 19 साल ऊंट को चारा खिला रही थी। तभी ऊंट ने उसका सिर अपने दांतों से दबा लिया और गर्दन ऊंची कर ली। खुद को छुड़ाने के लिये युवती झटपटाई तो नीचे गिर गई। उसके सिर में दांतों से गहरे घाव हो गये थे और खून निकलने लगा था। वहीं गिरने से हाथ में भी चोंट आई। परिवार उसे स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां से घायल युवती को उज्जैन रैफर किया गया। चरक अस्पताल में युवती का उपचार चल रहा है।

### हिरासत में टोल प्लाजा पर तोड़फोड़ करने वाले 6 आरोपी

**उज्जैन।** पानबिहार चौकी क्षेत्र के गरोठ मार्ग पर बने तुलाहेड़ा टौल पर रविवार रात विवाद करने और तोड़फोड़ का मामला सामने आया था। घट्टिया थाना पुलिस ने मामले में मारपीट का क्रास प्रकरण दर्ज करने के साथ तोड़फोड़ का प्रकरण दर्ज किया था। सोमवार रात तोड़फोड़ के मामले में गोपाल चौधरी, अरूण बैरागी और रोहित चौधरी निवासी ग्राम जैथल की गिरफ्तारी की गई। वहीं विवाद मामले में मोहनसिंह चौहान निवासी पिपलिया हामा भैरवगढ़ और देवेन्द्र सिंह निवासी इंद्रानगर चिमनगंज को गिरफ्तार किया गया। वहीं एक टोलकर्मी कुलदीपसिंह राजपूत निवासी ब्राह्मणखेड़ा राघवी की गिरफ्तारी की गई। घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल के अनुसार तोडफोड़ करने वाले नकाबपोश थे, जिनकी पहचान सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की गई। मामले में 3 अन्य को भी चिन्हित कर लिया गया है। जिनकी शीघ्र गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

### ढालिये में खड़ी स्कूटी और बाइक में आग लगाकर भाग पति

**उज्जैन।** बड़नगर थाना क्षेत्र की बम कालोनी में रहने वाली पूजा पाल के घर के अंदर ढालिये में खड़ी स्कूटी-बाइक में रात 3 बजे पति जगदेव पाल आग लगाकर भाग निकला। वाहनों में लगी आग की जानकारी लगने पर पूजा का परिवार नींद से जागा। आग पर काबू पाया गया, लेकिन दोनों वाहन जल चुके थे। पूजा ने मामले की शिकायत बड़नगर थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 326 (छ) का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पति-पत्नी में 2 साल से विवाद चला आ रहा है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है, पत्नी मायके वालों के साथ अलग रहती है। विवाद के चलते ही पति ने आगजनी का अंजाम दिया है। पुलिस उसकी तलाश में पहुंची तो वह घर से फरार होना सामने आया।

### अज्ञात वाहन से हुई दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**उज्जैन।** चंद्रावतीगंज के ग्राम बुडानियापंथ में रहने वाला बबलू पिता बगदीराम चौहान 30 साल सोमवार सुबह अपने ससुराल नागदा के पास ग्राम बिरियाखेड़ी गया था। जहां से रात में वापस बाइक से चंद्रावतीगंज लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में ग्राम गिरोता मार्ग पर उसे तेजगति से आये अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। बबलू गंभीर घायल हो गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर एम्बुलेंस उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंची। घायल के पास मिले मोबाइल से उसके परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के आने पर बबलू को उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान मंगलवार तड़के उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि जानकारी सामने आई है कि टक्कर मारने वाला वाहन आयशर था। जिसका पता पुलिस द्वारा मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखकर लगाने की बात कहीं है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 137-1 | 148-3 |
| मेन बाजार | 117-9 | 469-9 |
| मिलन डे | 334-0 | 456-5 |
| मिलन नाइट | 466-6 | 126 -9 |

6 7 8

## रिटायर्ड इंजीनियर को निवेश के नाम पर लगाई थी 25 लाख की चपत

# तेलंगाना से गिरफ्त में आया ठग गिरोह का खाताधारक

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर एमपीईबी से सेवानिवृत्त इंजीनियर को 25 लाख की चपत लगाने वाले गिरोह का खाताधारक 18 माह बाद राज्य सायबर सेल की गिरफ्त में आ गया। खाताधारक को तेलंगाना से उज्जैन लाया गया है।

पार्श्वनाथ कालोनी में रहने वाले एमपीईबी के सेवानिवृत्त इंजीनियर ने सितंबर 2024 में राज्य सायबर सेल को शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके साथ शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 25 लाख की धोखाधड़ी हुई है। शिकायत पर जोन प्रभारी उपपुलिस अधीक्षक लीना मारोठ के निर्देशन में बीएनएस की धारा 318 (4) के साथ आईटी एक्ट की धारा 86 में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। ठगी करने वालों का पता लगाने के लिये निरीक्षक मोहनसिंह सोलंकी, एएसआई हरेन्द्रपालसिंह राठौर और आरक्षक सुशील शर्मा की टीम बनाई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों पर काम शुरू किया। 15 माह बाद सामने आया कि ठगी के 18 लाख सैय्यद मोईन पिता शरीफ कुरैशी के खाते में ट्रांसफर हुई है। टीम उसकी तलाश में तेलंगाना के लिये रवाना हुई। जहां 3 दिनों की तक वारंगल और मलकाजगिरी जिले के अलग-अलग स्थानों पर तलाश करने के बाद मुसापेट जिला मलकाजगिरी से सैय्यद मोईन को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी द्वारा टेलिग्राम पर हर माह 10 हजार रुपए कमाने के लिये एक व्यक्ति को अपना बैंक खाता और सीम प्रदान की थी। बैंक खाता पुराने किराये के मकान पर खुलवाया गया था। वह कक्षा 10 वीं तक पढ़ा है और मदन शॉप की दुकान चलाता है। एएसआई हरेन्द्रपालसिंह राठौर ने बताया कि प्रकरण में अन्य खाताधारको की तलाश कर मनी ट्रेल से जुड़े अन्य आरोपियो की तलाश जारी है।



### बैंक अकाउंट में 2 करोड़ का ट्रांजेक्शन

राज्य सायबर सेल के अनुसार आरोपी का बैंक खाता बंधन बैंक में है। जिसमें वर्ष 2024 के 40 दिनों में 2 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन होना पाया गया है। उक्त बैंक खाता देश के 17 राज्यों की पुलिस ने फ्रीज करा रखा है। आरोपी ने अलग-अलग राज्यों में अपना बैंक खाता ठग गिरोह को दिया था। आरोपी खाताधारक से पूछताछ के बाद उसे इंदौर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### ऐसे दिया था निवेश में मुनाफे का झांसा

अपने साथ हुई ठगी की शिकायत करने वाले सेवानिवृत्त इंजीनियर ने राज्य सायबर सेल टीम को बताया था कि उन्हे वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जोड़ा गया था। जिसमें कहा गया कि हमारी कंपनी गहन एनालायसिस कर चुनिंदा शेयर मार्केट में निवेश कराती है। इसके साथ आईपीओ भी आसानी से अलाट किया जाता है। वाट्सएप ग्रुप पर ही शेयर मार्केट से संबंधित टीप प्रदान करती है। निवेश पर अत्यधिक प्राफिट होता है। उनकी बातों पर विश्वास कर लगातार 2 माह तक तेलंगाना, तमिलनाडू, पश्चिम बंगाल, राजस्थान सहित 6 राज्यों के बैंक खातों में 25 लाख रुपए जमा कराये गये थे।

**5 हजार का प्रतिदिन बताया था लाभ-** शिकायतकर्ता के अनुसार 25 लाख का निवेश करने के बाद उन्हे प्रतिदिन वर्च्युअल 50 हजार का लाभ दिखाया जाता था। जब मुनाफा निकालने का प्रयास किया गया तो आहरण नहीं हुआ। निवेश कराने वाले से संपर्क संपर्क करना बंद कर दिया और राशि नहीं दी। तब ठगी का आभास हुआ।

## पीछा कर चाकू मारने के बाद भागे 4 बदमाश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

ओवर टेक करने की बात पर हुए विवाद में चार बदमाशों ने युवक का पीछा किया और चाकू मारकर भाग निकले। युवक को बचाने भाई आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

ग्राम जम्बुरा में रहने वाला बालेश्वर पिता तेजाम परमार आरो वाटर प्लांट पर काम करता है और गाड़ी चलाता है। सोमवार रात वह काम खत्म होने पर उज्जैन से बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहा था। तभी रास्ते में ओवर टेक करने की बात पर उसका विवाद बाइक सवार 4 लोगों से हो गया। चारों उसे धमकी देने लगे। बालेश्वर कहासुनी होने के बाद निकल गया, लेकिन चारों उसके पीछे लग गये। बालेश्वर रास्ते में अपने भाई के ढाबे पर रूका, तभी चारों बदमाश पीछे से आये और पीछ पर चाकू घोंप दिया। बालेश्वर का भाई बचाने के दौड़ा तो चारों ने उसके साथ भी मारपीट की और भाग निकले। भाई घायल बालेश्वर को उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। मामले की सूचना पुलिस को मिलने पर अस्पताल पहुंची और घायल के बयान दर्ज किये। हमला करने वाले अज्ञात होना सामने आये है। जिनकी तलाश के लिये मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे है।

### चक्कर खाकर गिरे बिजली ठेकेदार की मौत

**उज्जैन।** मक्सीरोड शंकरपुर में रहने वाला भगवान राजौरिया 40 साल बिजली के ठेके लेने का काम करता था। मंगलवार को ग्राम करौंदिया गया था, जहां चक्कर खाकर गिर पड़ा। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। अस्पताल स्टॉफ द्वारा मामले की सूचना नागझिरी थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। आशंका जताई गई है कि भगवान का दिल का दौरा पड़ा था। एसआई लाखनसिंह के अनुसार मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही पता चल पायेगी।

## बकरा चोरी करने वाला आरोपी 24 घंटे में पकड़ाया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पशु पालक के बाड़े से 30 हजार का बकरा चोरी करने वाले को 24 घंटे में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अवैध कच्ची शराब मामले से भी जुड़ा था। उससे शराब भी बरामद की गई है।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि ग्राम मलोड़ा में रहने वाला प्रभुलाल पिता रूपाजी पशु पालक है। 8 मार्च को उसने शिकायत दर्ज कराई कि उसके बाड़े में 20 बकरा-बकरी बंधे थे। एक सफेद रंग का बकरा जिसकी कीमत 30 हजार रुपए है, अज्ञात बदमाश चुराकर ले गया है। शिकायत पर धारा 303 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया और हजारों रुपए कीमत का बकरा चोरी करने वाले की तलाश शुरू की गई। सोमवार देर शाम मलोड़ा-ओरड़ी कांकड से एक युवक को प्लास्टिक की केन लेकर जाते देखा तो एसआई कन्हैयालाल मचार, प्रधान आरक्षक परमिंदर यादव, शैलेन्द्रसिंह सिसौदिया ने पकड़ा। युवक की केन में कच्ची शराब भरी होना पाई गई। उसे पूछताछ के लिये थाने लाया गया, जहां उसने अपना नाम सागर पिता अमृतलाल सोलंकी जाति मोंगिया 32 साल निवासी ग्राम खेरवास बदनावर होना बताया। मोंगिया जाति का होने पर उससे सख्ती के साथ अन्य मामलों में पूछताछ शुरू की गई तो उसने बकरा चुराना भी कबूल कर ली। 30 हजार कीमत का बकरा उसकी निशानदेही पर बरामद किया गया। 24 घंटे में बकरा चोरी होने के साथ अवैध शराब मिलने पर आरोपी को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।



# निगरानी बदमाश की कार में मिली जहरीली शराब

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

बिना नंबर की महिंद्रा कार में अवैध शराब लेकर जा रहे निगरानी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाश के खिलाफ 15 अपराधिक मामले दर्ज होना सामने आये है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के मामले में कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि कस्बा भ्रमण के दौरान खबर मिली कि बिना नंबर की नीली महिंद्रा कार से अवैध शराब लाई जा रही है। भ्रमण पर एसआई सुरेन्द्र सिंह गरवाल, एएसआई नारायण सिंह वास्कले, प्रधान आरक्षक राहुल सिंह राठौर, आरक्षक हितेश हाडा, तोलाराम डोडीयार, सैनिक गोवर्धन डाबी के साथ रुनिजा मार्ग पर घेराबंदी की गई। ब्रिज के नीचे नीले रंग की गाड़ी दिखाई देते ही रोका गया और चालक को हिरासत में लेकर कार की तलाशी ली गई। जिसमें सीट के पास छुपा कर रखी गई एक प्लास्टिक की केन बरामद हुई जिसे खोलने पर उसमें हाथ भट्टी पर बनी जहरीली शराब भरी होना सामने आया। चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम शेर अली उर्फ शैरू पिता मैहर अली 49 साल निवासी ग्राम सुराना थाना बिलपांक जिला रतलाम बताया। थाने लाकर मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया और महिंद्रा गाड़ी जप्त की गई। चालक का रिकॉर्ड निकालने पर सामने आया कि उसके खिलाफ रतलाम के विभिन्न थानो बिलपांक, आई.ए.रतलाम, माणकचौक रतलाम, नामली रतलाम, स्टेशन रोड रतलाम, डीडी नगर रतलाम एवं थाना उन्हेल उज्जैन में कुल १५ अपराध पंजीबद्ध है । चालक अपराधिक प्रवृत्ति का होकर रतलाम का निगरानी बदमाश है। पूर्व में वह ढाबा संचालित करता था लेकिन उसकी अवैध गतिविधियों के चलते पुलिस द्वारा ढाबा भी तोड़ दिया गया था। बावजूद इसके उसकी अवैध गतिविधियां कम नहीं हुई। अवैध शराब 15 हजार और जप्त की गई गाड़ी 10 लाख कीमत की सामने आई है। बदमाश को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com